हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 26 जनवरी 2025

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]


खबर संक्षेप



## वैक्सिन रूम टेम्प्रेचर रिकॉर्ड मेंटेन नहीं करने पर लगाई फटकार

**जगदलपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक शनिवार को बकावंड ब्लॉक के पीएचसी मालगांव, उलनार, पीएचसी मालगांव और नलपावंड में जांच पर पहुंचे। पीएचसी मालगांव में औचक निरीक्षण हेतु पहुंचे जहां पर डॉ. खीरेंद्र ध्रुव, स्टाफ नर्स मोनालिसा दास, अनुराधा आचार्य, सेतवटी बघेल, आयुष फार्मासिस्ट गजानंद बघेल और कमल सिंह उपस्थित रहे। देखा कि रिकॉर्ड जैसे की वैक्सीन रूम का टेंपरेचर रिकॉर्ड मेंटनेंस नहीं है, इसी तरह कई और रिकॉर्ड अधूरे पाए गए, जिससे सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमएचओ ने पीएससी मालगांव की अर्पिता चौहान को जल्द से जल्द इन सारी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने हेतु समझाइस दी। अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कई महीनों से अधूरा पड़ा है, इस बारे में मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी ने निर्माण एजेंसी सीजीएमएससी से बात करने की बात कही है। इसके उपरांत सीएमएचओ उलनार पहुंचे, जहां कुछ कर्मचारी नदारत रहे।

## रक्तदान शिविर में किया 43 यूनिट ब्लड डोनेट



**कांकेर।** अखिल भारतीय दवा विक्रेता संघ के द्वारा 24 जनवरी को 50 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में पूरे भारतवर्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेएस शिंदे के 75वे जन्म दिवस के उपलक्ष्य में पूरे भारतवर्ष में 75000 यूनिट ब्लड डोनेट करने का लक्ष्य रखा गया। पूरे भारतवर्ष के कोने कोने में दवा विक्रेता संघ के द्वारा रक्तदान शिविर का महा आयोजन किया गया। इसी क्रम में कांकेर जिले में भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कांकेर जिले के जिला अस्पताल कोमल देव अस्पताल के ब्लड बैंक में जिला औषधि विक्रेता संघ के द्वारा 43 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया।

## इलाज के दौरान युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पखांजुर निवासी 32 वर्षीय संजीव मंडल का ईलाज के दौरान 24 जनवरी को सुबह साढ़े 11 बजें मौत हो गया। सीएचसी पखांजुर के वार्ड बॉय ने पुलिस को बताया कि मृतक का अज्ञात कारणो से मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## जेठेगांव का गोल मेले का आयोजन 3 से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के ग्राम जेठगांव का दो दिवसीय गोल मेला का आयोजन 3 एवं 4 फरवरी को आयोजन किया जाएगा। ग्राम गायता टामेश्वर कौवडो, ग्राम पटेल शंभूराम कौवडो, रोयदास मरकाम, रायेन मरकाम, लच्छूराम दुग्गा, योगेश ध्रुव व सुंदरलाल सलाम ने बताया है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम के सर्वसम्मति से बैठक आयोजित कर गोला मेला का आयोजन किया जाएगा। इसमें आसपास के ग्रामीण महिला पुरुष व व्यापारी शामिल होंगे एवं वहीं रात्रि में सांस्कृतिक लोक कला मंच की प्रस्तुति की जाएगी।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परदादा की स्मृति को संजो कर रखे हैं पोते और परपोते

गणतंत्र दिवस विशेष

सुरेश रावल ▶▶| जगदलपुर

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अर्जुन दास फतेहचंद राजपाल स्वर्ग सिधार गए हैं वहीं उनकी पत्नी सुशीला राजपाल की भी 15 वर्ष पहले निधन हो चुका है। लेकिन उनके पुत्रवधु, पोते और परपोते आज भी परदादा की स्मृति को संजो कर रखे हैं। हरिभूमि से चर्चा में उन्होंने अतीत की बातों को याद करते कहा कि हर साल 15 अगस्त और 26 जनवरी को लालबाग मैदान में शाल श्रीफल से सम्मान होता था। लगभग 75 वर्ष की अवस्था में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अर्जुन दास का स्वर्गवास हो गया। इसके बाद उनकी पत्नी सुशीला राजपाल को राष्ट्रीय पर्व पर पूरा सम्मान मिलता रहा। पुत्रवधु नीलम राजपाल ने बताया कि एक दिन पहले सरकारी अधिकारी आकर 26 जनवरी अथवा 15 अगस्त को लालबाग में सम्मान होने की बात कह जाते थे। अगले दिन सुबह गाड़ी लेने आती थी और सुशीला राजपाल को लालबाग में मुख्य अतिथि के हाथों सम्मान किया जाता था। उसके बाद सरकारी गाड़ी से ही घर पहुंचाया जाता था। एक साल मैं भी सास के साथ लालबाग गई थी। वह काफी स्वस्थ थी कभी उन्होंने बिस्तर पर एक दिन भी बीमार ▶▶| शेष पेज 13 पर

## पत्नी के जीवित रहते तक मिलता था हर माह 7 हजार पेंशन



### दो पोते और तीन पोतियां परिवार में हैं



अर्जुन दास के इकलौते पुत्र ईश्वर राजपाल का कुछ साल पहले निधन हो गया जो अपने माता और पिता को हर साल राष्ट्रीय पर्व पर लालबाग लेकर जाते थे। उनकी तीन बहनें और दो बेटे तथा दो बेटियां परिवार में हैं। उन्होंने कहा कि परदादा और परदादी के निधन के बाद सम्मान देने के लिए अब कोई भी नहीं आता तथा पेंशन भी अब मिलना बंद हो गया है।



## 5 साल से बंद दुर्ग-जगदलपुर इंटरसिटी के समय में बदलाव कर दुबारा परिचालन हो ऐसा प्रयास करेंगे

# संबलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस को जगदलपुर तक विस्तृत करने की होगी पहल : डीआरएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ वंदे भारत एक्सप्रेस के नॉर्म्स पर तैयार होगा पिट और वासिंग लाइन

अपने दो दिवसीय बस्तर प्रवास पर पहुंचे नए डीआरएम अमिताभ सिंघल शनिवार को निर्माणाधीन अमृत भारत स्टेशन भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान वे सीनियर डीईएन से भवन के डायग्राम के जरिए नए भवन का अवलोकन किया। इसके पहले डीआरएम पश्चिम केबिन में 10 साल पहले बने अधूरा पिट लाइन का जायजा लिया।

अधूरा कार्य को क्यों छोड़ा गया इसकी जानकारी विशाखापटनम रेल मंडल से पहुंचे सीनियर डीईएन व तकनीकी अधिकारियों से जानकारी ली। डीआरएम एक दिन पहले शुक्रवार को किरन्दुल रेल सेक्शन का निरीक्षण किया और एनएमडीसी अधिकारियों के बैठक कर लौह अयस्क परिवहन में और क्या व्यवस्था किया जा सकता है इस पर चर्चा की। वे शनिवार सुबह जगदलपुर रेलवे स्टेशन तथा परिसर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि जगदलपुर का वाशिंग लाइन और आईबीएल सेक्शन को भविष्य में चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के हिसाब से तैयार किया जा रहा है। इससे लंबी दूरी वाली ट्रेनों का बेहतर रख रखाव हो पाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि लगभग 6 वर्ष से बंद दुर्ग-जगदलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस को फिर से शुरू करने की कोशिश करेंगे, ताकि आदिवासी अंचल बस्तर के लोग रेल सुविधाओं का पर्याप्त लाभ उठा सके।

अमृत स्टेशन योजना के तहत जगदलपुर रेलवे स्टेशन में चल रहे करोड़ों रुपए के विकास कार्यों तथा 10 वर्षों से लंबित वॉशिंग लाइन का अवलोकन किया। वे रेल मंडल रायगढ़ के अंतर्गत बस्तर में रेल नेटवर्क और निर्माणाधीन विकास कार्यों का अवलोकन करने पहुंचे थे। अधिकारियों से चर्चा करने के पश्चात उन्होंने बताया कि जगदलपुर में वॉशिंग लाइन का कार्य लगभग 7 वर्षों से बंद पड़ा है। अब इसे पूरा करने नए सिरे से काम शुरू किया जा रहा है। इसके निर्माण में कुछ तब्दीलियां की जा रही हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस को जगदलपुर तक लाने की योजना है। इसके चलते ही वॉशिंग लाइन और आईबीएल सेक्शन का काम यहां किया जाना है। वाशिंग लाइन के प्लेटफार्म को डबल फ्लोर किया जाएगा। इसके निर्माण से बस्तर से लंबी दूरी तय करने वाली यात्री गाड़ियों के रखरखाव को और बेहतर बनाया जा सकेगा।



### जम्मूतवी को जगदलपुर तक बढ़ाएं

*डीआरएम के सामने नागरिकों ने यह मांग भी रखी कि लोग जम्मूतवी एक्सप्रेस से वैष्णो देवी दर्शन के लिए जाते हैं। इस ट्रेन को दंतेश्वरी शक्तिपीठ से वैष्णो देवी तक जोड़ने के लिए सम्बलपुर से जगदलपुर तक विस्तार करने की मांग की। इस ट्रेन को बलांगीर(ओडिसा) की सांसद संगीता सिंगदेव टिटलागढ़ तक विस्तार के लिए सालभर से जुटी है। इधर बस्तर सांसद भी सम्बलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस को जगदलपुर से चलाने पर जोर दे रहे है। उन्होंने बताया आगामी आम बजट में इस मुद्दे पर रेलमंत्री के समक्ष पुरजोर तरीके से रखेंगे,साथ ही दुर्ग-जगदलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस को समय परिवर्तन के साथ दुबारा परिचालन प्रारंभ कराने हर हाल में प्रयास करने की बात कही थी।*



# राज्य अलंकरण के बाद अब पंडीराम मंडावी को पद्मश्री

## आज ही दिल्ली से गृहमंत्री के सचिव का आया था फोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ टाइगर ब्वॉय चेंदरू के भाई ने विदेशों तक पहुंचाई काष्ठकला

नारायणपुर जिला मुख्यालय से लगभग 5 किलो मीटर दूर स्थित गांव गढ़बेंगाल एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आ गया है। 40-50 साल पहले तब चर्चा में आया था जब शेर से लड़ता हुआ चेंदरू पर विदेश में फिल्म बनी थी। फिर 2 महीना पहले नवम्बर 2024 में चेंदरू के भाई काष्ठकला में माहिर पंडीराम मंडावी को पिछले 6 नवम्बर को राजधानी में राज्य अलंकरण पुरस्कार उपराष्ट्रपति के हाथों मिला था। अब पंडीराम मंडावी का नाम पद्मश्री की सूची में आ गया है। हरिभूमि से चर्चा में पंडीराम ने कहा कि आज ही दोपहर में दिल्ली से फोन आया था। फोन करने वाले ने गृह मंत्रालय से फोन करने की बात कहते खुद को गृहमंत्री का सचिव बताया था। साथ ही कहा कि पद्मश्री के लिए आपका चयन हो गया है, घोषणा हो जाएगी। पंडीराम के पुत्र बलदेव ने भी कहा कि फोन तो आया था लेकिन पद्मश्री मिलने की बात कन्फर्म होना बाकी है। पंडीराम ने कहा कि राज्य अलंकरण सम्मान दाऊ मंथरा पुरस्कार उपराष्ट्रपति से प्राप्त किया था। अब यदि पद्मश्री में नाम आया है तो पूरे बस्तर के लिए गर्व की बात है। अपनी कला के विषय में उसने कहा कि आदिवासी परंपरा और रिती-रिवाज को लकड़ी पर उकेरते हुए कई तरह की कलाकृतियां बनाया हूं। काष्ठ कलाकृति इंग्लैण्ड के प्रतिष्ठित संग्रहालय में रखा गया है। उन्होंने कहा कि पिता मंदेर मंडावी से मैंने काष्ठकला सिखी। मेरे पिता भी इसी काष्ठकला के चलते जापान जा चुके है, मैं भी 4 देश का भ्रमण कर चुका हूं। मेरे परिवार के लोग भी काष्ठकला को अपना कर देश-विदेश के लोगों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। कई लोग यहां आकर सीख भी रहे हैं।





# महापौर पद के 3 और पार्षद के लिए 57 नामांकन पत्र बिके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ शनिवार को अवकाश के दिन भी चुनाव प्रक्रिया जारी रही

नगर पालिक निगम जगदलपुर के लिए शनिवार को महापौर के लिए एक नामांकन पत्र तथा वार्ड पार्षद के लिए 24 नामांकन पत्र क्रय किए गए। वहीं नगर पंचायत बस्तर के लिए शनिवार को अध्यक्ष के लिए एक तथा वार्ड पार्षद के लिए 2 नामांकन पत्र क्रय किए गए। इस तरह अब तक नगर पालिक निगम जगदलपुर के महापौर पद के लिए 3 तथा पार्षद के लिए 57 नामांकन पत्र क्रय किया गया है। वहीं अब तक नगर पंचायत बस्तर के लिए अध्यक्ष के लिए 2 तथा पार्षद के लिए 5 नामांकन पत्र क्रय किया गया है। ज्ञातव्य है कि नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत जिले के नगरीय निकायों के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 28 जनवरी है। वहीं दूसरे दिन 29 जनवरी को नाम निर्देशन पत्रों ▶▶| शेष पेज 13 पर



हर्षोल्लास के साथ मनाया राष्ट्रीय बालिका दिवस

# भाषण, रंगोली और पोस्टर स्पर्धा में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के शासकीय नर्सिंग कॉलेज में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला बस्तर के पीसीपीएनडीटी विंग द्वारा नर्सिंग कॉलेज महारानी अस्पताल परिसर में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बस्तर डॉ. संजय बसाक, विशिष्ट अतिथि डॉ. रीना लक्ष्मी डीपीएम बस्तर, डॉ. श्रेयांश वर्धन जैन नोडल अधिकारी और पत्रकार करमजीत कौर रही और अध्यक्षता नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या श्रीमती ▶▶| शेष पेज 13 पर



### प्रगति पथ पर बढ़ते रहें

*कार्यक्रम के प्रारंभ में सीएमएचओ जिला बस्तर के डॉ. बसाक द्वारा छात्राओं को निरंतर प्रगति पथ पर बढ़ते रहने को कहा। पीसीपीएनडीटी प्रभारी डॉ. श्रेयांश वर्धन जैन द्वारा सभी छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाना सही मायने में सभी सार्थक होगा, जब हम समाज में बालिकाओं को सम्मानित स्थान प्रदान करें। इस अवसर पर डॉ. रीना लक्ष्मी और महिला पत्रकार कर्मजीत कौर द्वारा भी समाज में महिलाओं की स्थिति पर अपने विचार व्यक्त किए गए। हर अवसर पर बालिकाओं की सहायता के लिए अपने आप को उपलब्ध बताया।*

## काष्ठागार डिपो में हुआ शाखकर्तन, संग्रहण व भंडारण पर कार्यशाला

# तेज धार से रापा और छोटी कुल्हाड़ी से करें बूटा कटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

तेंदूपत्ता की बूटा कटाई में तेज धार से रापा, छोटी कुल्हाड़ी से करें। उक्त बातें वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग एवं जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2025 में शाखकर्तन, संग्रहण एवं भंडारण संबंधी कार्यशाला सरगीपाल स्थित काष्ठागार डिपो में शुक्रवार को आयोजित में सीसीएफ आरसी दुग्गा ने कही। उन्होंने कहा कि बूटा कटाई योजना में गांव के आस-पास के मरहान क्षेत्र का आकलन, बूटा कटाई हेतु उपलब्ध राशि के बारे में ग्रामीणों को बैठक बुलाकर बताना, चर्चा करना, बूटा कटाई का अवधि, समय तय करना, प्रत्येक पारा मोहल्ला से शाखकर्तन हेतु उपलब्ध मजदूरों की संख्या, सभी कार्डधारियों की जिम्मेदारी, वर्तमान मे मक्का खेती अधिक मात्रा में होना, बूटा कटाई का उद्देश्य अधिक मात्रा में पत्ता प्राप्त करना, आकार में वृद्धि तथा रंग-रूप में गुणात्मक सुधार, अच्छा पत्ता समय-सीमा 40-50 दिनों के अन्दर प्राप्त करना है। कार्यशाला में बताया कि उत्पादित होने वाले तेन्दूपत्ते की गुणवत्ता उच्चकोटि की रहती है। प्राथमिक समितियों में संग्रहित होने वाले तेन्दूपत्ते के संग्रहण से पूर्व अग्रिम में निर्वर्तन की नीति लागू की गई है। प्राथमिक समितियों में एकत्रित होने वाला तेन्दूपत्ता, जिसका कि संग्रहण मूल्य प्राथमिक समितियों के द्वारा ही भुगतान किया जाएगा, अग्रिम में नियुक्त क्रेता को फड़ पर ही तेन्दूपत्ते का प्रदाय किया जाएगा। तेन्दूपत्ते की फड़ पर उल्टाई पल्टाई, बोरा भरती, परिवहन एवं भंडारण का कार्य क्रेता द्वारा ही किया जाएगा। जिन समितियों में तेन्दूपत्ता अग्रिम में विक्रय नहीं हो सका है, उनमें विगत वर्षों की भांति ही उल्टाई पल्टाई, बोरा भरती एवं परिवहन का कार्य प्राथमिक समितियों एवं जिला यूनियन द्वारा किया जाएगा।






### कार्यशाला में शामिल रहे

कार्यशाला में एसडीओ देवलाल दुग्गा, आवापल्ली के एसडीओ प्रकाश नेताम सहित बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर जिले के वन विभाग के एसडीओ, परिक्षेत्र अधिकारी एवं फड़ मुंशी आदि शामिल रहे।


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➜ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➜ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➜ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9149027841
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124



# गणतंत्र दिवस

## की 75वीं वर्षगांठ पर

## असंख्य बधाई एवं शुभकामनाएं




### माओवादियों से अपील -

- निर्दोष आदिवासियों की हत्या व खून खराबा बंद कर शांति में सहायक एवं आदिवासियों के विकास में सहयोग दें।
- हिंसा त्यागकर समाज की मुख्य धारा में शामिल हों।
- सरकारी सम्पत्ती, रोड, स्कूल भवन आदि को नुकसान न पहुंचाएं, एवं क्षेत्र के विकास में सहायक बनें।

शांत बस्तर- सुंदर बस्तर- समृद्ध बस्तर

**बस्तर पुलिस**

### शस्त्र के साथ समर्पण पर ईनाम राशि-

| क्र. | शस्त्रों के नाम | अनुग्रह राशि |
|---|---|---|
| 01 | एल.एम.जी. | 4,50,000/- |
| 02 | ए. के. - 47 / त्रिची असॉल्ट (TAR) | 3,00,000/- |
| 03 | 2'' मोर्टार | 2,50,000/- |
| 04 | एस. एल. आर. / इंसास | 1,50,000/- |
| 05 | एक्स 95 असाल्ट रायफल / एमपी-9 टेक्टिकल | 1,00,000/- |
| 06 | 303 रायफल | 75,000/- |
| 07 | एक्स केलीबर 5.56 एमएम | 60,000/- |
| 08 | युबीजीएल अटेचमेंट | 40,000/- |
| 09 | 315 बोर / 12 बोर बंदूक / सिंगल शार्टगन (कम्पनी निर्मित) | 30,000/- |
| 10 | ग्लाग पिस्टल 9 एमएम | 25,000/- |
| 11 | 9 एमएम कार्बाइन / पिस्टल / रिवाल्वर | 20,000/- |
| 12 | वायरलेस सेट | 5,000/- |
| 13 | रिमोट डिवाइस / आई.ई.डी. | 3,000/- |
| 14 | प्रोजेक्टर 13/16/ मस्केट रायफल / यूबीजीएल सेल | 2,000/- |
| 15 | विस्फोटक पदार्थ | 1,000/-प्रति किलो |
| 16 | ग्रेनेड / जिलेटिन राड्स | 500/- |
| 17 | सभी प्रकार के एम्युनिशन | 50/- प्रति नग |

### आत्मसर्मपण करने पर मिलने वाले लाभ


कृषि हेतु भूमि


आवास



खाद्यान्न सहायता


स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ

- शासकीय सेवा में नियुक्ति
- ऋण/अनुदान/स्वरोजगार








# गणतंत्र दिवस

## की 75वीं वर्षगांठ पर


## असंख्य बधाई एवं शुभकामनाएं





**प्रकृति है अनमोल इसे नष्ट होने से बचाइए, आइये गणतंत्र दिवस पर पर्यावरण के संरक्षण और विकास का आज संकल्प लें**

**विनीतः स्व-सहायता समूह के समस्त सदस्य, बस्तर जिला**



समस्त क्षेत्रवासियों को



# गणतंत्र दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं

धर्म, संस्कृति की रक्षा करें, शहर की एकता को बनाये रखें
शहर के विकास और उन्नति के लिए कदम बढ़ाये
अपनी ऊर्जा का उपयोग सकारात्मक कार्यों में करें
मानव जीवन बहुमूल्य है इसका उपयोग सत्य कर्मों में करें...

विनीत : एक शुभचिंतक, कोंटा

समस्त क्षेत्रवासियों को



# गणतंत्र दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं

सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा
हम बुलबुले हैं इसकी यह गुलसिता हमारा,
भारत माता की जय, वंदे मातरम।



सुभाष चतुर्वेदी

विनीत : मंजुला ट्रेडर्स, कोन्टा


संकलनकर्ता : रफीक खांन, संवाददाता, कोंटा मो. - 9406282006, 9131213924

## खबर संक्षेप

### विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। 24 फरवरी से 21 मार्च तक बजट सत्र चलेगा। सत्र में कुल 17 बैठकें होंगी। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने पिछले दिनों सबसे पहले यह खबर दी थी कि विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू होगा। उस समय विधानसभा की अधिसूचना जारी नहीं हुई थी, लेकिन शुक्रवार को विधानसभा सचिवालय ने बजट सत्र की अधिसूचना जारी की है।

### शिवसेना से हिमांशु होंगे अम्लेश्वर नपाध्यक्ष प्रत्याशी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार एवं प्रदेश कार्यकारिणी के अध्यक्ष मधुकर पांडेय, प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े, संतोष शुक्ला, कृष्णा यादव ,कमलाकर यादव ने बैठक में निर्णय लेते युवा नेता हिमांशु शर्मा को अम्लेश्वर नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी बनाया है।

### उत्तराखंड में नेशनल गेम्स छत्तीसगढ़ के शूटर्स का चयन

**रायपुर।** उत्तराखंड में होने वाले राष्ट्रीय खेल के लिए छत्तीसगढ़ से 10 शूटर्स का चयन छत्तीसगढ़ प्रदेश राइफल एसोसिएशन द्वारा किया गया हैं, जिसमें सभी खिलाड़ियों का चयन लास्ट चैंपियनशिप में श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। ये शूटर्स उत्तराखंड के देहरादून के मैदान में अपना निशाना साधेंगे, जिसका आयोजन 28 जनवरी से शुरू हो जाएगा। खिलाड़ियों में परमपाल सिंह स्कीटमेन, कुंवर कार्तिक सिंह-50 मीटर 3पी मेन, दिव्यांशु देवांगन 10 मीटर एयर राइफल मेन, प्रान्जुश्री 10 मीटर एयर राइफल वीमेन, शेषांक मसीह 10 मीटर एयर पिस्टल मेन आदि की टीम रवाना होंगे।

# हेल्थ सेंटरों की ओपीडी में कोताही, 54 को नोटिस, अब डाक्टरों को देना होगा जीपीएस लोकेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास-खबर

प्राथमिक उपचार की सुविधा देने वाले हमर अस्पताल और हमर क्लीनिक के डाक्टर सहित चिकित्सकीय स्टाफ ओपीडी संचालन में कोताही बरत रहे हैं। सीएमएचओ ने व्यवस्था सुधारने 4 हमर अस्पताल और 50 हमर क्लीनिक के प्रभारी डाक्टरों को नोटिस जारी कर चेतावनी दी है। दो शिफ्ट यानी सुबह आठ से रात्रि आठ बजे तक संचालित ओपीडी में ड्यूटी वाले डाक्टर को जीपीएस लोकेशन के साथ अटेंडेंस भेजना होगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा घर के समीप ही लोगों को सर्दी-बुखार जैसी समस्या के इलाज के लिए हमर क्लीनिक और बड़ी परेशानी के निदान के लिए हमर अस्पताल का संचालन किया जा रहा है। इसके माध्यम से चौबीस घंटे और सातों दिन इमरजेंसी सेवा देनी है और शासकीय अवकाश को छोड़कर शेष दिनों में सुबह 8 से दोपहर 2 बजे और दोपहर 2 से रात्रि 8 बजे तक ओपीडी में मरीजों की जांच की जानी है। पिछले कुछ समय से शिकायत मिल रही थी कि डाक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ समय पर अस्पताल में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। इस पर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने गंभीरता दिखाई है और सभी हमर अस्पताल और हमर क्लीनिक के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को नोटिस देकर सुधर जाने की चेतावनी दी है। साथ ही उन्हें निर्देशित किया गया है कि उन्हें ड्यूटी में उपस्थिति के दौरान अपने जीपीएस लोकेशन के साथ तस्वीर खींचकर शेयर करना होगा।

## व्यवस्था सुधारने 4 हमर अस्पताल और 50 हमर क्लीनिक को दी गई चेतावनी

### नए डाक्टरों की नियुक्ति

उपचार सुविधा को बेहतर बनाए रखने के लिए संचालित किए जाने वाले हमर क्लीनिक में नए चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इसके साथ हमर अस्पताल में चिकित्सा विशेषज्ञ सहित अन्य स्टाफ तैनात किया गया है। हमर क्लीनिक में उपचार के साथ टीकाकरण की सुविधा दी जाती है। हमर अस्पताल में विभिन्न तरह के इलाज के साथ महिलाओं को प्रसव की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है।



■ सुबह आठ से रात्रि आठ बजे तक दो शिफ्ट में किया जाना है मरीजों का इलाज

### चार स्थानों में हमर अस्पताल

रायपुर में चार स्थानों में हमर अस्पताल का संचालन किया जाता है। इनमें भाठागांव, गुढ़ियारी, राजातालाब तथा भनपुरी में हमर अस्पताल का संचालन किया जाता है। इन सभी स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन होने वाली ओपीडी में मरीजों की संख्या डेढ़ से दो सौ के बीच होती है। शासन द्वारा बनाए गए नियम के मुताबिक तमाम स्वास्थ्य केंद्रों में सुबह आठ से रात्रि आठ बजे तक ओपीडी का संचालन किया जाना है।

### लापरवाही पर कार्रवाई

तमाम हमर अस्पताल और हमर क्लीनिक में दो शिफ्ट में ओपीडी का संचालन किया जाना है। इसके लिए सबको नोटिस जारी किया गया है। नियम का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

- **डॉ. मिथिलेश चौधरी,** सीएमएचओ

## रावांभाठा में पहले मैदान का निर्माण अटका, युवाओं को 24 महीने में नहीं मिली सुविधा

# खेल मैदान विवाद में फंसा, कालम में लगे सरिया की चोरी, नहीं तय की नई एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

आउटरडोर खेल मैदान की सुविधा के लिए युवाओं को अभी इंतजार करना होगा। रावांभाठा में सुविधा देने के लिए शुरू करवाया गया निर्माण विवाद में फंसा है। इस खेल मैदान को 11 महीने में आकार देना था, वह 24 महीने से फाइलों में सिमटा हुआ है। कालम तैयार करने में लगाया गया सरिया भी चोर ले गए, इससे मैदान में निर्माण का नामो-निशान नहीं बचा है।

बिरगांव निगम ने रावांभाठा वार्ड में एक एकड़ से ज्यादा एरिया में खेल मैदान बनाने के लिए जिम्मेदारों ने जिस एजेंसी को काम दिया, उसने प्रोजेक्ट 2023 में पूरा नहीं किया। इसे देखते हुए आयुक्त ने पार्षदों की आपत्ति पर एजेंसी को 2024 में ब्लैक लिस्टेड किया। इसके बाद विवाद की स्थिति को सुलझाने में समय लगने से नई एजेंसी तय करने के लिए बुलाई गई निविदा भी प्रक्रिया का हिस्सा बनी हुई है। आचार संहिता के कारण आगे की कार्यवाही भी जिम्मेदार नहीं कर पाए हैं। सूत्रों ने बताया कि प्रोजेक्ट शुरू होने के बाद सालभर में सिर्फ कालम बन पाया था। काम बंद होने की स्थिति में भी फंड यथावत है। जिस एजेंसी को काम दिया जाएगा, उससे पहले बाउंड्री का निर्माण करवाया जाएगा।



### विवाद सुलझाने में लगा

पुरानी एजेंसी का मसौदा सुलझाने के लिए उसे एक बार फिर कारण बताओ नोटिस देने की प्रक्रिया चुनावी आचार संहिता के बाद करेंगे। इसके बाद नई एजेंसी तय करके काम शुरू करवाया जाएगा।

- **यूके उर्वशा,** आयुक्त, नगर निगम, बिरगांव

### उदासीनता से अटकी सुविधा

निगम प्रशासन और महापौर की उदासीनता के कारण खेल मैदान की सुविधा तय समय में नहीं मिल पाई। जिस एजेंसी को काम दिया, उसके कार्यों की समीक्षा में कोताही के कारण युवाओं की सुविधा अटकी है।

- **ओमप्रकाश साहू,** नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम, बिरगांव

### खेल मैदान में होगी यह सुविधा

*युवाओं को आउटडोर खेल के लिए मैदान की सुविधा देने के लिए दो साल पहले की गई कवायद के बाद निगम को सरकार से वित्तीय मंजूरी मिली। तब निगम के जिम्मेदारों ने निर्माण एजेंसी को बाउंड्री निर्माण के साथ मैदान समतल करने व दर्शकों को बैठने की सुविधा देने के लिए गैलरी बनाने की जिम्मेदारी दी गई। चेंजिंग रूम और रोशनी की सुविधा का भी प्रावधान किया। नई एजेंसी को पुराने प्रावधानों के तहत ही निर्माण की जिम्मेदारी देने की तैयारी निगम प्रशासन ने की है, लेकिन इसके लिए इंतजार करना होगा।*

### 1.10 करोड़ में बनेगा खेल मैदान

*रावांभाठा वार्ड में 30 हजार की आबादी निवास करती है। इनके बीच सुविधाओं का अभाव अरसे से बना है। इसे देखते हुए 5 वार्ड के युवाओं को सुविधा देने के लिए निगम प्रशासन ने 1.10 करोड़ के प्रोजेक्ट को शुरू किया। एजेंसी की मनमानी और विवाद के कारण लोगों को मिलने वाली सुविधा अभी तक नहीं मिल पाई। अब नई एजेंसी तय करने के लिए निविदा मंगाने के बाद जिम्मेदार विवाद को देखते हुए नहीं खोल रहे हैं। बताया जाता है कि चुनाव के बाद पुरानी एजेंसी को फिर से कारण बताओं नोटिस जाएगा।*

# मोबाइल संग पकड़े गए परीक्षा में तो दो साल का प्रतिबंध

## अब अफवाह फैलाना भी अनुचित साधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




■ सीबीएसई की दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में मोबाइल फोन समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के इस्तेमाल पर रोक रहेगी। अगर कोई छात्र मोबाइल फोन या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ पकड़ा गया, तो उसे दो साल तक परीक्षा के लिए प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। अभी ऐसे मामलों में एक साल तक परीक्षा देने पर रोक है। यही नहीं, अफवाह फैलाने को भी अनुचित साधनों में शामिल किया गया है। सीबीएसई के अनुसार, परीक्षा केंद्र पर किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उपयोग करने या अपने पास रखने पर छात्र न केवल इस साल, बल्कि अगले वर्ष तक परीक्षा नहीं दे सकेंगे।

पिछले कई वर्षों में छात्रों की ओर से सोशल मीडिया पर परीक्षा को लेकर गलत अफवाहें फैलाने की घटनाएं सामने आती रही हैं। ऐसे में इन्हें रोकने के लिए सीबीएसई ने सोशल मीडिया पर परीक्षा को लेकर अफवाह फैलाने को भी अनुचित साधनों के नियम में शामिल किया है। सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू हो रही हैं। इस बार परीक्षा में निष्पक्षता, बेहतर निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगे होंगे।

### इस माह जारी होंगे प्रवेशपत्र

सीबीएसई के 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के एडमिट कार्ड जल्द ही जारी कर दिए जाएंगे। बोर्ड की ओर से 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों के एडमिट कार्ड को **cbse.gov.in** पर जारी किया जाएगा। इसके बाद स्कूलों के प्रमुख इस एडमिट कार्ड को छात्रों के क्रेडेंशियल्स का इस्तेमाल कर के आधिकारिक वेब पोर्टल से डाउनलोड कर सकेंगे। बता दें कि रेगुलर छात्रों को 10वीं और 12वीं कक्षा परीक्षा का एडमिट कार्ड प्रिंसिपल द्वारा साइन होने के बाद स्कूल से प्राप्त करना होगा। वहीं, प्राइवेट छात्र सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के एडमिट कार्ड को बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट **cbse.gov.in** से डाउनलोड कर सकेंगे। बता दें कि एडमिट कार्ड में छात्र का नाम, रोल नंबर, परीक्षा केंद्र का पता, परीक्षा की तारीख और समय जैसी सभी जरूरी जानकारी दी जाएगी।


आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति छत्तीसगढ़ शासन

आत्मसमर्पण कीले परके बदले मायले जिंदगी

**आत्मासमर्पण ओसो पुनर्वासनीति छत्तीसगढ़ सरकार**

01- आत्मसमर्पण किते कि ईनाम 25,000/- पैसा इंतोर
02- आत्मसमर्पण कितेक ओना पद अनुसार सरकार ता ईनाम तासतो ओने पुटिनता।
03- आत्मसमर्पण किते कि नसबंदी आयले ते सरकार नसबंदी खोले कियला सहायता कियार ।
04- आत्मसमर्पण किले ओना काम अनुसार बदेवरा काम पुटार ।
05 - आत्मसमर्पण किले कि टिकम जागह ते नले पुटिया ।
06 - आत्मसमर्पण किले परिवार तासलाय (मंदालाय) लोन पुटिया ।
07 - आत्मसमर्पण किले टिकम व्यवहार किते सरकारी सेवा ते पैनूर ।
08 - महिला नक्सली तनु आत्मसमर्पण किते महिला बाल विकास विकास विभाग ता लाभ पुटिनता ।
09- आत्मसमर्पण किलेरन किलांर पेकोर कुन पढ़ेमायलार स्कूल मंदाला आसो डेरा बरा पुटियार ।
10- आत्मसमर्पण किले नक्सल ला काजे मुख्यमंत्री निकेडा हिंग कम रेट ते नुकान बरा पुटनू ।
11- आत्मसमर्पण कियलेरा नक्सली रा काजे राष्ट्रीय बीमा योजना पुटियार ।
12- समर्पण नक्सली काजे लोपा दायाना बस किराया 50 प्रतिशत चुट आयार ।

समस्त क्षेत्रवासियों को 26th JANUARY गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..


सरकारी ता नौकरी


खुशहाल घर परिवार

**आत्मसमर्पण करने पर नक्सलियों को पद के अनुसार शासन से प्राप्त होने वाली राशि**

| नक्सली नेताओं का पद | ईनाम की राशि |
|---|---|
| * डिवीजनल कमेटी सचिव | - 10,00,000 |
| * मिलिट्री कंपनी कमांडर | - 10,00,000 |
| * मिलिट्री प्लाटून कमांडर | - 8,00,000 |
| * एरिया कमेटी सचिव | - 8,00,000 |
| * डिवीजनल कमेटी सदस्य | - 8,00,000 |
| * मिलिट्री कम्पनी सदस्य | - 8,00,000 |
| * एक्शन टीम कमांडर | - 8,00,000 |
| * एल.जी.एस./ एल. ओ. एस. कमांडर | - 5,00,000 |
| * जनताना सरकार प्रमुख | - 3,00,000 |
| * सेक्सन डिप्टी कमांडर | - 3,00,000 |
| * एक्सन टीम सदस्य | - 2,00,000 |
| * मिलिट्री प्लाटून सदस्य | - 2,00,000 |
| * एल.जी.एस./ एल. ओ. एस. सदस्य | - 1,00,000 |
| * जनमिलिशिया कमांडर | - 1,00,000 |

**नेड अवना बाता कितीर**

* 200 से ज्यादा आत्मसमर्पण नक्सली किन सरकारी नौकरी हिता ।
* 332 आत्मसमर्पण नक्सली किम ओना परिवार तुन पुनर्वास प्रधानमंत्री लोन योजना ता अनुसार मुक्त लोन पुटता।
* 332 आत्मसमर्पण नक्सली ओसो ओना परिवार किन मुख्यमंत्री नुकांग योजना ता अनुसार हर राशन पुटता ।
* 332 आत्मसमर्पण नक्सली ओसो परिवार किन स्वास्थ्य बीमा योजना पुटता ।
* 332 आत्मसमर्पण नक्सली किन प्रोत्साहन राशि ओसो वेलेय सुविध पुटता ।


पिला नु बढ़िया पढ़े कियाना | कम दाम ता नुकांग | मंदाला काजे लोन | स्वास्थ्य बीमा ता योजना

एल.एम. जी. बंदुक सहित आत्मसमर्पण पर — 4,50,000 प्रोत्साहन राशि
ए.के. 47 बंदुक सहित आत्मसमर्पण पर — 3,00,000 प्रोत्साहन राशि
एस. एल. आर. बंदुक सहित आत्मसमर्पण पर — 1,50,000 प्रोत्साहन राशि
303 रायफल सहित आत्मसमर्पण पर — 75,000 प्रोत्साहन राशि
12 बोर बंदुक सहित आत्मसमर्पण पर — 30,000 प्रोत्साहन राशि

**इसके अतिरिक्त अन्य सुविधाऐं**

- आत्मसमर्पण पर प्रोत्साहन राशि
- मकान निर्माण हेतु जमीन राशि
- स्वरोजगार हेतु जमीन व राशि
- बच्चों के लिए मुक्त शिक्षा
- शासकीय नौकरी का अवसर
- स्वयं के व्यवसाय हेतु लोन
- कृषि कार्य हेतु जमीन
- नक्सली कैडर के अनुसार घोषित ईनामी राशि

**कोण्डागाँव पुलिस-** जिला पुलिस बल कोण्डागाँव ता समाज ता मुख्य धारा ताल भटके मायलेर नक्सली भाई लोरकून अपील किसोर मतोम लड़ाई हत्याचार तुन विडचीसी समाज ता मुख्य धारा ते

जोड़ेमामटू आत्मासमर्पण कियाना इतेके इदू नम्बर ते वड़काना

पुलिस अधीक्षक, कोण्डागांव मोबा. नम्बर 9479190084
अति. पुलिस अधीक्षक, कोण्डागांव मोबा. नम्बर 9479191344
उप पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मोबा. नम्बर 94791-91750

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

तालुका विधिक सेवा समिति केशकाल एंव चलित थाना केशकाल के संयुक्त तत्वाधान में शास.उच्च.माध्य. विद्यालय अरंडी एवं शासकीय पूर्व मध्यमिक विद्यालय अरंडी में राष्ट्रीय बालिका दिवस के विशेष अवसर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया ।

श्री उत्तरा कुमार कश्यप, प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के मार्गदर्शन में, श्रीमती अंजली पाण्डेय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी/अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति केशकाल एवं सुश्री गायत्री साय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के निर्देशन में, श्रीमती मनीषा तिवारी प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय केशकाल के द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बताया गया कि इसकी शुरुआत 24 जनवरी सन 2008 से हुई है इसका उद्देश्य बालिकाओं के शिक्षा , सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर उनका भली भांति से उपयोग कर सकें। तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम ,2012 के संबंध में बताया गया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों (बालक – बालिका) के साथ किसी भी प्रकार के यौन अपराध कारित किए जाते हैं तो उसके लिए कठोर दंड का प्रावधान है अपराध की गंभीरता को देखते हुए मृत्यु दंड तक का प्रावधान है एवं इसमें बालकों की सहमति की स्वीकार नहीं किया जाएगा। स्कूल में पॉक्सो बॉक्स के संबंध में अनिवार्यता एवं उसके उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। अधिकार मित्र रंजन बैध थाना ईरागांव के द्वारा बाल तस्करी के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया उन्होंने कहा कि किसी के झूठे प्रलोभन में न आएं और क्षेत्र के किसी भी दलाल के आने पर पुलिस थाने में इसकी तत्काल सूचना देने की जानकारी दी गई।

अधिकार मित्र चमेली यादव थाना धनोरा के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से मिलने वाली सुविधाएं, निःशुल्क कानूनी सहायता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।और बाल विवाह के बारे में बताया गया कि 18 साल से कम उम्र के लड़की का शादी और 21 साल से कम उम्र के लड़का का शादी करना कानूनी अपराध है। अगर गांव में बाल विवाह हो रहा है तो इस विवाह को रोकने के लिए चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 में फोन करके सहयोग ले सकते हैं। साथ ही बाल श्रम की भी जानकारी दिया गया,कोई भी बच्चा 6 वर्ष से 14 वर्ष तक किसी भी कारखाने व दुकानों में मजदूरी नहीं कर सकता ऐसा किसी व्यक्ति के द्वारा कार्य कराया जाता है तो उसके ऊपर कानूनी कार्यवाही हो सकता है। कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के संबंध में स्कूल के कर्मचारियों के लिए आंतरिक समिति गठन करने की जानकारी दी गई। शिविर में स्कूल प्राचार्य श्री मंगलसाय नेताम , वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती कौशिल्या माला नेताम, माध्यमिक शाला अरंडी प्रधान अध्यापक श्री बाल कृष्ण बैध, प्राथमिक शाला अरंडी प्रधान अध्यापक श्री सोम प्रकाश साहू व स्कूल केसमस्त शिक्षक शिक्षिका गण , बच्चों और थाना केशकाल की पुलिस स्टॉफ की उपस्थिति रही।

## अनजान फोन कॉल आने पर निजी जानकारी कदापि शेयर ने करें



### साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 में 24 घंटे होती है कार्रवाई

महिला प्रधान आरक्षक श्रीमती महेश्वरी शांडिल्य थाना केशकाल के द्वारा साइबर अपराध के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान फोन कॉल आते हैं और पैसे की लालच देतें हैं या निजी दस्तावेज की जानकारी मांगा जाता है तो हमें किसी भी तरह की जानकारी नहीं देना चाहिए और साइबर क्राइम से घबराएं नहीं साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 में 24 घंटे के अंदर कॉल करके हेल्प लिया जा सकता है ।महिलाओं व बच्चों की ऑनलाइन शिकायत व तात्कालिक पुलिस सहयोग के लिए अभिव्यक्ति एप व हेल्प लाइन नंबर 100 के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

## खबर संक्षेप



### लापता श्रमिक का 12 दिन बाद मिली शव

**केशकाल।** पिछले 12 दिनों से लापता एन एच सड़क विभाग के मजदूर गन्नूराम उसेंडी का सड़ा हुआ हालत में केसकाल के मूरनार जंगल के नाला में मिला शव 23 जनवरी की शाम को केसकाल लया गया था उसी शव का 24 जनवरी को केसकाल में पीएम के बाद पीड़ित परिवार जनों को एक बार हरापडा की पीड़ित परिवार जनों को अन्तिम दर्शन के बाद अन्तिम संस्कार के लिए सुरडोंगर मैं नमी आंखों से अन्तिम संस्कार किया गया है हमारे मीडिया से बात करते हुए एन एच विभाग का इंजीनियर राजेश नेताम केसकाल वा कांकेर ने कहा कि विभाग द्वारा घटना का जानकारी विभाग वा केसकाल पुलीस को दीया था वा पीड़ित परिवार को शासन से मिलने वाले अनुग्रह राशि के लिए विभाग को सूचना भेजा गया है जानकारी मिलने पर विभाग से अधिकरी पीड़ित परिवारों से मिलने का बात कहा हैएन एच विभाग का गरीब मजदूर का संदेहास्पद मृत्यु का सही जानकारी पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद खुलासा होने का चर्चा जोरों पर है।

### कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती पर ओबीसी महासंगठन का गठन



**कांकेर।** भारत रत्न जननायक स्वतंत्रता सेनानी स्व. कर्पूरी ठाकुर की 101 वीं जयंती सामाजिक बंधुओ ने धनेलीकन्हार में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सभी ने कर्पूरी ठाकुर की छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर चंदन तिलक करते हुए उनके योगदान को सभी ने आत्मसात किया। कर्पूरी ठाकुर जयंती के अवसर पर कांकेर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए सामाजिक नाई बंधुओ ने कर्पूरी ठाकुर ओबीसी महासंगठन का गठन किया। महासंगठन के लिए लोकेश्वर सेन अध्यक्ष और ओमप्रकाश सेन महासचिव चुने गए।

# बिंझे जंगल मार्ग पर 3 किलो का डंप टिफिन बम बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ धनोरा

ग्राम बिन्झे जंगल-सड़क मार्ग किनारे सर्तकता पूर्वक बारिकी से सर्च कार्यवाही के दौरान माओवादियों के डम्प किया हुआ लगभग 03 किलोग्राम टिफिन बम बरामद किया गया। धनोरा में श्री सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज, जगदलपुर पुलिस उप महानिरीक्षक उत्तर बस्तर रेंज, कांकेर श्री अमित तुकाराम कामले (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं श्री वॉय अक्षय कुमार (भा.पु.से.), पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में दिनांक 25.01.2025 को विशेष कार्ययोजना तैयार कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स), श्री रूपेश कुमार डाण्डे के नेतृत्व में श्री सतीश भार्गव, उप पुलिस अधीक्षक (ऑप्स), जिला कोण्डागांव के पर्यवेक्षण में जिला बल थाना धनोरा एवं जिला मुख्यालय से बीडीएस की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम धनोरा, फुण्डेर, विन्द्रो की ओर डी-मांईनिंग एवं सर्चिग की कार्यवाही हेतु रवाना हुए थे कि अभियान के दौरान लगभग 12.30 बजे ग्राम बिन्झे जंगल-सड़क मार्ग किनारे सर्तकता पूर्वक बारिकी से सर्च कार्यवाही के दौरान माओवादियों के डम्प किया हुआ लगभग 03 किलोग्राम टिफिन बम बरामद किया गया, जिसे बीडीएस टीम द्वारा सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए सावधानी पूर्वक घटना स्थल पर ही विस्फोट का नष्ट किया गया। क्षेत्र में हो रहे लगातार नक्सल विरोधी अभियानों में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ के दौरान कई शीर्ष लीडरों की मौत हो रही है, उसी बौखलाहट के कारण नक्सलियों द्वारा बनोरा से ईरागांव पक्की सड़क मार्ग पर ग्राम बिन्झे जंगल के पास किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बनाई जा रही थी, जिसे सुरक्षा बलों द्वारा मुस्तैदी एवं सतर्कता पूर्वक नक्सलियों के इस मनसुबे को नाकाम करते हुए एक गंभीर अप्रिय घटना को घटित होने से रोका गया।

## ओकपाड़ ब्रेहबेड़ा के पास बम बरामद, किया नष्ट





**नारायणपुर।** जिले में चलाये जा रहे नक्सली उन्मूलन अभियान के तहत 25 जनवरी को थाना कोहकामेटा के अन्तर्गत 53वीं वाहिनी, आईटीबीपी द्वारा सीओबी मोहन्दी में तैनात सुरक्षा बल एवं छत्तीसगढ़ पुलिस की संयुक्त टीम एरिया डोमिनेशन पैट्रोलिंग के लिए रवाना हुई थी तथा टीम पूरी मुश्तैदी के साथ ईलाके को सर्च करते हुऐ जा रही थी इसी दौरान ग्राम ओकपाड़ (ब्रेहबेड़ा पारा) के पास सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नियत से नक्सली द्वारा लगाई गई 03 किग्रा वजनी 02 प्रेसर कुकर आईईडी बरामद की। जिसे सुरक्षात्मक मानको का पालन करते हुऐ आईटीबीपी की बीडीडीएस टीम द्वारा मौके पर ही नष्टीकरण की कार्यवाही की गई। सुरक्षा बलों की सर्तकता के कारण नक्सली अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हुऐ तथा किसी भी प्रकार की जान-माल का नुकसान नहीं हुआ।

## मल्टी वोट श्रेणी की ईवीएम की जानकारी दी, किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

नगर पालिकाओं के आम निर्वाचन वर्ष 2025 ईव्हीएम के माध्यम से कराया जाना है। यह ईव्हीएम मल्टी पोस्ट एवं मल्टी वोट (बहुपद एवं बहु मत) श्रेणी की ईव्हीएम है। इस संबंध में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार जिले के नगरीय निकायों में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी क्रम में नगर पंचायत फ़रसगांव के रिटर्निंग ऑफिसर अश्वन कुमार पुसाम के निर्देश पर नगर पंचायत फ़रसगांव के सभी 15 वार्डों के लिए मतदाता जागरूकता अभियान 'जागव बोटर (जाबो)' की शुरुआत की गई है। इसके तहत ईव्हीएम से मतदान की प्रक्रिया के बारे में मतदाताओं को जानकारी दी जा रही है और अनिवार्य रूप से मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यह अभियान सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सुश्री निधि नेताम और सीएमओ पवन कुमार मेरिया के मार्गदर्शन में मास्टर ट्रेनर एवं सेक्टर अधिकारी की उपस्थिति में निरंतर वार्डों में आयोजित की जा रही है। साथ ही राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करने तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तहसील कार्यालय एवं नगर पंचायत कार्यालय में शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाता शपथ भी दिलाई गई।

## सड़क सुरक्षा माह पर कांकेर वॉलंटियर्स ने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत कांकेर वॉलंटियर्स ने सड़क सुरक्षा के महत्व को समझने और आम जनता को जागरूक करने के लिए एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ते आंकड़ों और उनके कारणों पर गहन चर्चा की गई। वॉलंटियर्स ने सड़क सुरक्षा के तहत किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए नए कदम उठाने का निर्णय लिया, जिससे सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा सके। आयोजित बैठक में सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों जैसे तेज गति, हेलमेट का उपयोग न करना, शराब पीकर गाड़ी चलाना और यातायात नियमों की अनदेखी पर प्रकाश डाला गया। इसके साथ ही वॉलंटियर्स ने ट्रैफिक नियमों का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करने और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर वॉलंटियर्स ने सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए नए कदम उठाए। इसमें सड़क सुरक्षा से जुड़े संदेश, वीडियो और ग्राफिक्स का उपयोग कर अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी पहुंचाने का निर्णय लिया गया। बदलाव की शुरुआत, कांकेर वॉलंटियर्स के साथ के इस नारे के साथ वॉलंटियर्स ने सड़क सुरक्षा अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने की प्रतिबद्धता जताई। इस बैठक ने न केवल वॉलंटियर्स को जागरूक किया बल्कि आम जनता के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत भी बनी।

## पंचायत चुनावः नाम निर्देशन फार्म के लिए क्लस्टर स्तर पर लगेगी ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

- प्रशिक्षण मतदान दलों का तीन चरणों में होगी



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव निर्वाचन के लिए रिटर्निंग ऑफिसर (पंचायत) दुर्गुकोंदल एवं तहसीलदार केतन भोयर ने बताया है कि त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के लिए विकासखंड दुर्गुकोंदल में जनपद सदस्य, सरपंच, वार्ड पंच, के नाम निर्देशन पत्र के लिए 44 ग्राम पंचायत के लिए कलक्टर ग्राम पंचायत स्तर पर रखा गया है। ग्राम पंचायत भवन दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत भवन हाटकोंदल, ग्राम पंचायत भवन कोड़े, ग्राम पंचायत भवन दमकसा, ग्राम पंचायत भवन कोड़ेकुर्सी, ग्राम पंचायत कोदापाखा एवं जनपद सदस्य के लिए तहसील कार्यालय दुर्गूकोदल का निर्धारित की गई है, जिसमें नाम निर्देशन के लिए अलग-अलग अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ज्ञात हो कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 44 ग्राम पंचायत में 11 जनपद सदस्य, 44 सरपंच, 570 वार्ड पंच एवं दो जिला सदस्य का निर्वाचन होना है, जिसके लिए कुल मतदाता 47387 जिसमें महिला 23274 पुरुष 24113 त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नाम निर्देशन 27 जनवरी से 3 फरवरी 2025 तक 4 फरवरी को स्कूटी जांच की जाएगी और 6 फरवरी को नाम वापसी चुनाव चिन्ह आवंटित की जाएगी। पंचायत चुनाव के लिए प्रशासन के द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। विकासखंड दुर्गुकोंदल में 88 मतदान केंद्र का गठन किया गया और प्रशिक्षण का दौरा मास्टर ट्रेनर्स तैयार हो चुके हैं, बहुत जल्दी मतदान दलों की प्रशिक्षण तहसील स्तर पर होगी। प्रशिक्षण विकासखंड मुख्यालय के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल में प्रथम चरण का प्रशिक्षण 30 जनवरी को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 7 फरवरी को 10 बजे से 4 बजे एवं तृतीय चरण का प्रशिक्षण 14 फरवरी 2025 को प्रातः 10 से 4 बजे संपन्न होगी ।

## बाबा साहेब सेवा संस्था ने कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव




### गरीबों के मसीहा और सादगी का प्रतीक

*कर्पूरी ठाकुर का जीवन सादगी और ईमानदारी का परिचायक था। वे साधारण कपड़ों में सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लेते थे और हमेशा वंचितों व गरीबों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्षरत रहे।*

बाबा साहेब सेवा संस्था द्वारा अंबेडकर चौक, कोर्ट के सामने स्थित कार्यालय में बहुजन नायक भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक सुधराम मरकाम और अध्यक्ष मुकेश मार्कंडेय सहित अन्य समाजसेवी व गणमान्य व्यक्तियों ने कर्पूरी ठाकुर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में कर्पूरी ठाकुर के समाज में किए गए उल्लेखनीय कार्यो् को याद किया गया। वक्ताओं ने बताया कि कर्पूरी ठाकुर जी अपनी सादगी और गरीबों के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते थे। 24 जनवरी 1924 को बिहार के समस्तीपुर जिले में जन्मे कर्पूरी ठाकुर दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने अपने कार्यकाल में विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी की अनिवार्यता समाप्त कर शिक्षा को सुलभ बनाने का प्रयास किया। इस आयोजन में बाबा साहेब सेवा संस्था के संरक्षक सुधराम मरकाम, अध्यक्ष मुकेश मार्कंडेय, ओमप्रकाश नाग, वीरेंद्र नेताम, नरसिंह देव मंडावी, मुकेश नरेटी, देवेंद्र कुमार देहारी, सिद्धार्थ महाजन, हितेन श्रीवास, नाई सेन समाज जिला अध्यक्ष गजेंद्र शांडिल्य, दीनू सेन, सागर ठाकुर, जितेंद्र गुप्ता समेत संस्था के पदाधिकारी और समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कर्पूरी ठाकुर की विचारधारा और उनके योगदान पर चर्चा की गई और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया।

## शिविर में 200 लोगों की बीपी, शुगर एवं बीएमडी की जांच की

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केशकाल में शनिवार को रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर द्वारा केशकाल क्षेत्रवासियों के लिए निःशुल्क हड्डी रोग जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिविर में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज धाबलिया एवं उनके कनिष्ठ डॉक्टरों की टीम के द्वारा लगभग 200-250 लोगों का निःशुल्क बीपी, बीएमडी, एवं ब्लड शुगर की जांच कर आवश्यक परामर्श भी दिया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, डॉक्टरों व आम जनता ने इस शिविर के आयोजन हेतु डॉ. पंकज धाबलिया को धन्यवाद भी दिया है। इस सम्बंध में स्थानीय अमीन मेमन ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सबसे प्रतिष्ठित डॉक्टरों में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज धाबलिया का नाम आता हैं। रायपुर के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में जाकर डॉ. धाबलिया से मिलने के लिए काफी इंतजार करना पड़ता है। यह हमारे लिए बड़ी खुशी की बात है कि डॉ. धाबलिया ने अपना कीमती समय निकालकर क्षेत्रवासियों को निःशुल्क सेवा देने आए हैं। इसके लिए मैं डॉ. पंकज धाबलिया का आभार व्यक्त करता हूं। प्राचार्य राकेश विश्वकर्मा ने बताया कि मुनादी के माध्यम से सूचना मिली थी कि हड्डी रोग के विशेषज्ञ डॉ. धाबलिया केशकाल आने वाले हैं। ऐसे में मेरी पत्नी के कोहनी में दर्द की समस्या को लेकर हम डॉ. धाबलिया से मिलने आए थे। काफी अच्छा अनुभव रहा, डॉ. साहब ने जांच कर आवश्यक परामर्श भी दिया है। स्थानीय आवेश मेमन ने बताया कि कुछ महीने पहले उनका एक्सीडेंट हुआ था। जिसमें उनके एक पैर में काफी चोट आई थी। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में डॉ. धाबलिया से उपचार करवाने के बाद अब वह काफी बेहतर महसूस कर रहे हैं। केशकाल जैसी छोटी सी जगह में डॉ. धाबलिया बड़े डॉक्टर आकर सेवा दे रहे हैं यह हमारे लिए काफी खुशी की बात है। केशकाल बीएमओ डॉ. डी.के बिसेन ने बताया कि केशकाल व आसपास के क्षेत्र में निवासरत अधिकांश लोग संसाधन एवं समय के अभाव में अपने स्वास्थ्य जांच व उपचार हेतु रायपुर नहीं जा पाते। इस बात को ध्यान में रखते हुए आज डॉ. पंकज धाबलिया ने केशकाल में निःशुल्क शिविर लगाकर लगभग 200 लोगों की जांच की है। मैं स्वास्थ्य विभाग एवं क्षेत्रवासियों की ओर से डॉ. धाबलिया को धन्यवाद देता हूं।

## पेज 9 के शेष

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ...

होकर नहीं गुजारा। 19 अक्टूबर 2009 को लगभग 75 साल की अवस्था में चल बसी। लेकिन 2 महीने पहले 15 अगस्त को वह लालबाग में सम्मानित हुई थी। दोनों की तस्वीर को दिखाते हुए उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने के कारण जेल भी गए थे। शहर का सिंधी समाज का भवन बनाने में मेरे ससुर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अर्जुन दास का बड़ा योगदान है। वे अपनी पेंशन की राशि समाज भवन बनाने में लगा देते थे। संजोए हुए सामान में वह ताम्रपत्र उन्होंने दिखाया जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने दिल्ली में 15 अगस्त 1972 को स्वतंत्रता के 25 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदान किए थे। वहीं वह कार्ड भी है जो रेल मंत्रालय से मिला हुआ था। फर्स्ट क्लास एसी में मुफ्त यात्रा करने का रेलवे कार्ड आज भी हमारे पास सुरक्षित है। इस मौके पर पुत्र की बेटी नेहा, दोनों पोते की पत्नी वर्षा और रिया ने भी पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि घर में देशभक्ति और लोगों को मदद करने की हमेशा सीख परदादा अर्जुन दास से मिलती रही है।

### महापौर पद के ...

की संवीक्षा की जाएगी और 31 जनवरी तक अभ्यर्थिता से नाम वापस ली जा सकेगी। जिले के दोनों नगरीय निकायों के लिए 11 फरवरी को मतदान होगी और 15 फरवरी को मतगणना होगी।

### भाषण, रंगोली और ....

स्वर्णालता पीटर द्वारा की गई। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर नर्सिंग कॉलेज में प्रशिक्षणार्थी नर्सिंग छात्राओं के बीच भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम के आयोजकों द्वारा श्रीमती डॉ. रीना लक्ष्मी करमजीत कौर और श्रीमती स्वर्णलता पीटर के प्रतिनिधित्व में एक निर्णायक कमेटी का गठन किया गया। जिनके द्वारा प्रतिभागी छात्राओं के प्रदर्शन के आधार पर उन्हें प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर आने वाले छात्रों को बस्तर जिला के पीसीपीएनडीटी विंग की ओर से मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर गीतांजलि, द्वितीय स्थान पर सोनिया और तृतीय स्थान पर चंचल सोनकर रही। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर हेमलता, द्वितीय स्थान पर तेयकुमारी, तृतीय स्थान पर हिना ठाकुर रही। इसी प्रकार रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कमलवती, नेहा, लक्ष्मी, पूजा और रामवती की टीम, द्वितीय स्थान पर होलीका देवांगन और तृतीय स्थान पर निलेश्वरी, ईशा और दिशा की टीम रही। कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज से योग्यता पाणीग्राही, श्रीमती माधुरी मित्रा, श्रीमती प्रीति मंडल, किरण ठाकुर और महारानी से रीमा रितु पाल वरिष्ठ नर्सिंग सिस्टर और सोनाली सिस्टर द्वारा भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई गई। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती विनीता बाजपेई पीसीपीएनडीटी की कोऑर्डिनेटर जिला बस्तर द्वारा किया गया। उक्त जानकारी प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी शकील खान द्वारा दी गई है।

## खबर संक्षेप

### रेस्क्यू बाघ के मवेशीखोर होने से प्रबंधन पर उठ रहे सवाल

**रायपुर।** राज्य में बाघों की संख्या बढ़ाने संघर्षरत वन विभाग के प्रयासों को बड़ा झटका लगा है। एटीआर में आपसी संघर्ष में एकेटी-13 नामक बाघिन की मौत हो गई है। प्रकृतिक आवास को लेकर बाघों के बीच संघर्ष होने की बात सामने आई है। बाघिन की मौत की घटना की जानकारी वन अफसरों की टीम को दो दिन बाद शुक्रवार को मिली। इसके साथ ही चिरमिरी से रेस्क्यू कर लाया बाघ मवेशीखोर हो गया है। इसके चलते बाघ की सुरक्षा को लेकर गंभीर संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। वन विभाग के लिए राहत की बात यह है कि रेस्क्यू बाघ वर्तमान में मध्यप्रदेश के अमरकंटक क्षेत्र में प्रवेश कर गया है। अचानकमार में बाघिन की लाश लमनी क्षेत्र के चिरहट्टा के पास मिली है। घटना के बाद वन अफसरों की उदासीनता भी सामने आई। जानकारी होने के बावजूद, अधिकारी दोपहर बाद ही घटनास्थल पर पहुंचे, जो वन्यजीव संरक्षण के प्रति उनकी गंभीरता पर सवाल उठाता है। जिस बाघिन की मौत हुई है। बताया जा रहा है, उक्त बाघिन लमनी क्षेत्र के आस-पास विचरण करती है। अचानकमार में पिछले एक साल में बाघों की संख्या में वृद्धि हुई है। वर्तमान में एटीआर में बाघों की संख्या 10 हो गई है।

### हॉस्टल बना डीके अस्पताल का वीआईपी वार्ड

**रायपुर।** डीके अस्पताल के तीन विभागों में संचालित एमसीएच (सुपर स्पेशलिटी) कोर्स के छात्रों के लिए स्थायी आवास की व्यवस्था नहीं हो पाई है। अध्ययन अवधि के दौरान उन्हें अस्पताल के वीआईपी वार्ड में ठहराया जाता है जिसका शुल्क हर महीने पांच हजार रुपए हैं। शासन द्वारा इन छात्रों के लिए हास्टल बनाने की घोषणा हो चुकी है मगर बजट के अभाव में अब तक काम शुरू नहीं हो पाया है। मेडिकल कालेजों में संचालित होने वाले पीजी पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों से आवास शुल्क के रूप में पांच हजार रुपए लिया जाता है। एमसीएच-डीएम विशेषज्ञों का अलग से कैडर नहीं होने की वजह उन्हें सुपरस्पेशलिटी कोर्स होने के बाद भी उन्हें पीजी छात्रों की तरह स्टाइपेंड का भुगतान किया जाता है।

# माशिम के आदर्श परीक्षा केंद्र पर चुनावी ग्रहण, सुझाव मांगे लेकिन इस बार 'नो सेल्फी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जिला शिक्षा अधिकारियों से मांगे गए थे सुझाव
- छात्रों में परीक्षा को लेकर सकारात्मक माहौल बनाने किया जाना था प्रयोग



**किया गया था विचार**

आदर्श परीक्षा केंद्र को लेकर पूर्व में विचार किया गया था, लेकिन फिलहाल इस सत्र में इन केंद्रों का निर्माण नहीं किया जा रहा है।
- **पुष्पा साहू,** सचिव, माशिम

माध्यमिक शिक्षा मंडल के आदर्श परीक्षा केंद्र पर इस बार चुनावी ग्रहण लग गया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मौजूदा शैक्षणिक सत्र से नई पहल करते हुए आदर्श परीक्षा केंद्र बनाए जाने पर विचार किया जा रहा था। इसके अंतर्गत प्रत्येक जिलों से कुछ स्कूलों का चयन कर उन्हें आदर्श परीक्षा केंद्र के रूप में विकसित किया जाना था।

चुनाव आयोग द्वारा पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में यह प्रयोग करते हुए सभी क्षेत्रों में आदर्श मतदान केंद्र निर्मित किए गए थे। यहां मतदाताओं के लिए सेल्फी जोन, फूलों से स्वागत, आरती सहित कई तरह की व्यवस्थाएं की गई थीं। इसी तर्ज पर परीक्षा केंद्रों में भी सेल्फी जोन, छात्रों का फूलों से स्वागत सहित अन्य प्रयोग किए जाने थे। दिसंबर माह में हुई जिला शिक्षा अधिकारियों की बैठक में इस पर चर्चा की गई थी। सभी जिला शिक्षा अधिकारियों से इसे लेकर सुझाव मांगे गए थे। कुछ जिलों से सुझाव प्रेषित भी हुए, लेकिन अंतिम मुहर इन पर नहीं लग सकी। अब इसे योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया हैं।

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, चुनाव के चलते आदर्श परीक्षा केंद्र नहीं बनाए जा रहे हैं। नगरीय निकाय चुनावों में बड़ी संख्या में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। आदर्श परीक्षा केंद्र निर्माण के लिए भी अतिरिक्त कार्य की आवश्यकता होगी। छात्रों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं भी संचालित की जानी है। इन सभी तथ्यों को ध्यान रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

### वितरण कार्य रि-शेड्यूल

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बारहवीं कक्षा की परीक्षाएं 1 मार्च से तथा दसवीं कक्षा की परीक्षाएं 2 मार्च से आयोजित की जाएंगी। इसके पूर्व नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव संपन्न हो जाएंगे, इसलिए समय-सारिणी में परिवर्तन की आवश्यकता माध्यमिक शिक्षा मंडल को नहीं हुई। परीक्षा के पूर्व माशिम द्वारा प्रश्नपत्र और उत्तरपुस्तिकाएं संबंधित जिलों में पहुंचाई जाती है, जहां इन्हें थानों में रखा जाता है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, मंडल द्वारा पूर्व में जिन तिथियों में वितरण कार्य रखा गया था, उन तारीखों में चुनाव भी हैं। इसे देखते हुए वितरण कार्य रिशेड्यूल किया गया है। इसके अतिरिक्त मंडल के अन्य किसी कार्य पर कोई असर चुनाव का नहीं पड़ा है।

## जोन के साथ मंडल में भी बढ़ रही उठाईगिरी की घटनाएं

# ट्रेनों में 40 प्रतिशत यात्री रोज भूल रहे सामान, इससे बढ़ रही चोरी, नींद में उठाईगिरी की घटना अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- ट्रेन में यात्रियों की लापरवाही का फायदा उठा रहे चोर




हरिभूमि सरोकार

ट्रेनों में लगातार चोरी के मामले रायपुर रेल मंडल और जोन में बढ़ते जा रहे हैं। चोरों का गिरोह स्लीपर के साथ एसी कोच में सफर कर रहे यात्रियों के सामान को निशाना बना रहे हैं। उधर दूसरी ओर आरपीएफ भुलक्कड़ यात्रियों से परेशान हो चुकी है। रोज 4 से अधिक मामले ट्रेन और स्टेशन में कीमती सामान छोड़ने के मिल रहे हैं। जवानों की कमी से जूझ रही आरपीएफ यात्री के सामान को ट्रेन से सुरक्षित थाना लाने और फिर यात्री की जांच करके फिर उन तक पहुंचाने में अब व्यस्त हो चुकी है। भुलक्कड़ और लापरवाह यात्रियों की वजह से ट्रेनों में चोरी के मामले भी बढ़ने लगे हैं। हरिभूमि ने जब इसकी पड़ताल की, तो पता चला ट्रेनों में सामान भूल चुके 40 प्रतिशत यात्रियों का सामान चोरी होना पाया गया, जिसकी जांच में अब भी जीआरपी और आरपीएफ उलझी हुई है। आरपीएफ का कहना है कि यात्रियों को जागरूक करने के बाद भी ट्रेनों में सामान छोड़ने के मामले कम नहीं हो रहे हैं। प्रतिदिन ट्रेनों से यात्रियों की शिकायत मिल रही है।

### पलक झपकते ही मोबाइल हो रहे चोरी

स्टेशन में मोबाइल चोरों का गिरोह सक्रिय हो चुका है। पलक झपकते ही स्टेशन से मोबाइल चोरी होने लगे हैं, जिसकी भी शिकायत रोज आरपीएफ को मिल रही है। सालभर से मोबाइल चोरी के मामले सर्वाधिक हैं। हर महीने आधा दर्जन से अधिक मामले सामने आ रहे हैं, जिसमें 10 प्रतिशत यात्रियों को ही चोरी हुआ मोबाइल मिल पाया है। ट्रेनों से ज्यादा प्लेटफार्म में मोबाइल चोरी हो रहे हैं। यात्री चार्जिंग में लगाने के बाद कभी सो जाते हैं, तो कभी कुछ मिनट के लिए पानी भरने जाते ही चोर मोबाइल चोरी कर लेते हैं।

**केस 1**

शालीमार- कुर्ला एक्सप्रेस व हावड़ा-मुंबई मेल के एसी कोच में चोरों ने तीन यात्रियों को निशाना बनाया। गहने व नकद मिलाकर 11 लाख 40 हजार रुपये की चोरी हुई है। यात्रियों ने इस घटना की रिपोर्ट रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचकर जीआरपी थाने में दर्ज कराई। घटना रायगढ़ से बिलासपुर के बीच की है। इसीलिए रायपुर जीआरपी ने शून्य में अपराध दर्ज कर केस डायरी बिलासपुर जीआरपी थाने को भेजी। असल अपराध कायम कर जीआरपी ने जांच शुरू कर दी है।

**केस 2**

दूसरी घटना भी शालीमार एक्सप्रेस की है। झारखंड सराईकेला निवासी संजय कुमार चौधरी ए- कोच की बर्थ नंबर 41, 38, 42 व 40 में स्वजन के साथ टाटानगर से रायपुर के लिए यात्रा कर रहे थे। दोनों ट्राली बैग बर्थ 37 के नीचे रखे हुए थे। जब ट्रेन झारसुगड़ा पहुंची, तो उनकी आंख लग गई। बिलासपुर रेलवे स्टेशन में नींद खुली, तब उन्होंने देखा कि दोनों ट्राली बैग गायब थे। बैग में कपड़ों के साथ पांच लाख रुपये नकद रखे हुए थे। इस मामले की रिपोर्ट रायपुर जीआरपी थाने में दर्ज कराई है।

**केस 3**

तीसरी घटना हावड़ा- मुंबई मेल ट्रेन की है। पश्चिम बंगाल के बांकुरा निवासी अरुणगदास सासु मां का इलाज कराने के लिए मुंबई जा रहे थे। उनका रिजर्वेशन 43, 44 व 45 नंबर बर्थ था। उन्होंने ट्राली सूटकेस नीचे चेन बांधकर रखा। सुबह आठ बजे नींद खुली, तो देखा सूटकेस गायब था। उसके अंदर 20 हजार रुपये नकद समेत 30 हजार रुपये के समान थे।

# निकाय चुनाव शांतिपूर्ण कराने आईजी ने राजपत्रित पुलिस अफसरों को दिए दिशा-निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अगले महीने होने वाले निकाय चुनाव तथा पंचायत चुनाव के दौरान किसी तरह की शांति भंग न हो इसके लिए पुलिस ने भी तैयारिया शुरू कर दी है। होने वाले चुनाव को देखते हुए रेंज आईजी अमरेश मिश्रा ने शुक्रवार को संभाग के सभी एसपी, एएसपी, सीएसपी, डीएसपी, एसडीओपी की अलग-अलग पालियों में बैठक ली।

प्रथम पाली में रायपुर जिले के एसएसपी, एएसपी व राजपत्रित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में राजधानी पुलिस की चुनौतियों से निपटने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। राजपत्रित अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने, कार्यक्षमता में वृद्धि कर गुणवत्तापूर्ण पर्यवेक्षण करने, प्रत्येक घटना की समीक्षा कर अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारियों को औचित्यपूर्ण निर्देश देने, थानों के कार्यों के मात्र पर्यवेक्षण तक सीमित न होकर कार्य में गुणवत्ता सुधार करने आईजी ने निर्देश दिए।

### आपराधिक तत्वों के खिलाफ सख्ती बरतने के निर्देश

चुनाव के दौरान अपराधिक तत्व के लोग किसी तरह से गड़बड़ी न करें इसके लिए आईजी ने सभी पुलिस अफसरों को आपराधिक तत्वों के खिलाफ अभी से सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही चुनाव के दौरान मादक पदार्थों की अवैध खरीद-फरोख्त रोकने आईजी ने सभी पुलिस अफसरों को निर्देश दिए हैं। मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त में लिप्त रहने वाले बदमाशों के खिलाफ अफसर ने कार्रवाई करने निर्देश दिए हैं।

### एसईसीआर ने समय से पहले 295 दिनों में 200 मिलियन टन लदान का बनाया नया कीर्तिमान

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने चालू वित्तीय वर्ष के 295 दिनों में 200 मिलियन टन लदान का नया रिकॉर्ड कायम किया है। यह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन के अब तक सबसे अधिक लदान और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अपने सर्वाधिक लदान करने वाले जोन में से एक होने के खिताब और परंपरा को बरकरार रखा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के 1 अप्रैल 2024 से 20 जनवरी 2025 तक 295 दिनों में 200 मिलियन टन लदान किया है, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में 318 दिनों वित्तीय वर्ष 2022-23 में 345 दिनों तथा वित्तीय वर्ष 2021-22 में 348 दिनों में यह उपलब्धि हासिल की थी।

B.T.O.A.
परिवार की ओर से
किरन्दुल एवं बचेली समस्त नगरवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं!
तरुण सोनी (राम) अध्यक्ष
मनोज कुमार सिंह सचिव
मनोज साहा उपाध्यक्ष
मनोज कुमार गुप्ता (सोनू) उपाध्यक्ष
मनीष कुमार नायक कोषाध्यक्ष
अविनाश करमाकर सह सचिव
लक्ष्मण कुमार यादव (लिटी) सह सचिव
विनीत : समस्त बैलाडिला ट्रक ओनर एसोसिएशन परिवार (B.T.O.A.)

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

विकास विश्वास सुरक्षा
गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर
समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
संदेश
1. देश की रक्षा के लिए पुलिस का सहयोग करें तथा कानून का पालन करें।
2. अपराधियों, असामाजिक एवं अराजकतावादी लोगों के बहकावे में आकर अपना जीवन बर्बाद न करें।
3. माओवाद हिंसा त्याग कर आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर क्षेत्र एवं राज्य के विकास में भागीदार बनें।
माओवादियों से अपील
हिंसा त्याग कर आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो और शासन के पुनर्वास योजना के तहत नौकरी, घर एवं खुशहाल पारिवारिक जीवन का लाभ लें।

| क्र. | धारित पद | छत्तीसगढ़ शासन द्वारा माओवादियों पर घोषित ईनाम राशि |
|---|---|---|
| 1. | DKSZC सदस्य | 25 लाख रूपये |
| 2. | मिलिट्री कम्पनी कमांडर | 10 लाख रूपये |
| 3. | मिलिट्री प्लाटून कमांडर/डिप्टी कमांडर/सदस्य/एरिया कमेटी सचिव/एक्शन कमांडर/टेक्निकल टीम प्रभारी | 08 लाख रूपये |
| 4. | एल.जी.एस. कमांडर/एल.जी.एस. सदस्य | 05 लाख रूपये |
| 5. | एल.जी.एस. डिप्टी कमांडर/एल.ओ.एस. डिप्टी कमांडर/सेक्शन डिप्टी कमांडर | 03 लाख रूपये |
| 6. | सेक्शन कमांडर/एक्शन टीम सदस्य | 02 लाख रूपये |
| 7. | एल.ओ.एस. सदस्य/एल.जी.एस. सदस्य/जनमिलिशिया कमांडर /इंटेलिजेंस सदस्य/कम्यूनिस्ट अध्यक्ष/सीएनएम अध्यक्ष | 01 लाख रूपये |
| 8 | प्रोत्साहन राशि | 25 लाख रूपये |

विनीत : जिला पुलिस बल दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

**खबर संक्षेप**

### विद्यार्थियों ने निकाली मतदान जागरूकता रैली



**जगदलपुर।** शनिवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बस्तर ब्लाक के ग्राम पंचायत मधोता 2 के शासकीय प्राथमिक शाला खैरगुड़ा के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्राम वासियों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। प्रधान अध्यापक छन्नू राम मंडावी ने ग्राम वासियों एवं युवाओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए जागरूकता रैली को रवाना किया। इसी क्रम में सहायक शिक्षिका सुश्री इंदूमती ने ग्राम के स्वयंसेवकों युवाओं को रैली में भागीदारी करने व मतदान जागरूकता में सहयोग करने के लिए अपील किया। प्रधान अध्यापक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। सुश्री इंदूमती ने बताया कि रैली खैरगुड़ा के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान विद्यार्थियों ने ग्राम वासियों से शतप्रतिशत मतदान करने की अपील की। रैली में सीएससी कृष्णा सिंह ठाकुर,मनोज कुमार ठाकुर, संजय ठाकुर,जगरू कश्यप,नरेश ठाकुर, सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### चुनाव के लिए व्यय प्रेक्षक नियुक्त

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के द्वारा नगरीय निकाय आम निर्वाचन के तहत बस्तर जिले के लिए वरिष्ठ लेखाधिकारी कार्यालय आयुक्त वाणिज्यिक कर छत्तीसगढ़ दुर्योधन महानन्द को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किये जाने के फलस्वरूप नाम निर्दिष्ट प्रेक्षक की व्यवस्था एवं समन्वय हेतु उप अभियंता नगर पालिक निगम अमर सिंह को लाइजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

### मूर्ति अनावरण की 7वीं वर्षगांठ मनी

**जगदलपुर।** शनिवार को लालबाग अंबेडकर पार्क में संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति अनावरण की 7वीं वर्षगाठ मनाई गई। 7 साल पहले 25 जनवरी 2018 को आज ही के दिन तात्कालिक मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के द्वारा बाबा साहेब की मूर्ति का अनावरण किया गया था। मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में संभाग भर से बाबा साहेब के अनुयाई पहुंचे थे। जिसमें बौद्ध समाज जगदलपुर के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। वर्षगांठ में भूतपूर्व कमिश्नर दिलीप वासनिकर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में सम्मिलत हुए। मूर्ति अनावरण में कमिश्नर का विशेष योगदान था। कार्यक्रम को सफल बनाने में बौद्ध समाज के अध्यक्ष पीडी मेश्राम, सचिव कमलेश रामटेके, महासचिव विजय बोरकर, परिसंघ के जिला अध्यक्ष सतीश वानखेड़े, मनीष गढ़पाले, मुस्लिम समाज के हाजी वसीम, एसडीओ बागड़े, डॉ मनीष मेश्राम, लखपति बोरकर प्रोफेसर केसी गणवीर समेत सर्व समाज के लोगों का रहा।

## मतदाता जागरूकता के उल्लेखनीय कार्य करने वाले कर्मचारी सहित विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

# मताधिकार की शक्ति ही मजबूत लोकतंत्र का आधार

**मतदान करने सहित अपने परिवार और आसपास के नागरिकों को भी मताधिकार से अवगत कराए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, प्रजातंत्र में जनता ही सबसे प्रमुख होता है। जनता के मताधिकार की शक्ति ही मजबूत लोकतंत्र देती है। लोकतंत्र के लिए हमारे पूर्वजों ने बहुत संघर्ष किया है। इसलिए प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार का उपयोग कर अन्य लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें। मताधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए प्रशासन स्वीप कार्यक्रम, जाबो अभियान का आयोजन करती है।

बस्तर संभाग में मतदान करवाना एक बड़ा लक्ष्य है, आगामी निर्वाचनों में सभी मतदाता मतदान कर अच्छे जनप्रतिनिधि का चयन करें जो हमारी उम्मीदों और आकाक्षाओं को पूरा करे और बस्तर के सर्वांगीण विकास के हित में काम करे। कमिश्नर शनिवार को टॉउन हॉल में आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण होने के साथ ही संकल्प लेने का दिन है जब हम सभी स्वयं हरेक निर्वाचन में मतदान करने सहित अपने परिवार और आसपास के नागरिकों को भी उनके मताधिकार के बारे में अवगत कराएं, उन्हें निर्वाचक नामावली में नाम जुड़वाने तथा प्रत्येक निर्वाचन में मतदान करने के लिए अभिप्रेरित करें। उन्होंने युवाओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि युवाओं का योगदान इस दिशा में सबसे महत्वपूर्ण है। अगर हर युवा मतदान में हिस्सा ले, तो हमारे लोकतंत्र को नई दिशा और ऊर्जा मिल सकती है। इसलिए 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले हरेक युवा को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के साथ ही अन्य युवाओं को भी प्रेरित करना होगा। आइए हम सभी संकल्प लेकर देश को मजबूत लोकतंत्र बनाने के लिए इस महत्वपूर्ण कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

इस अवसर पर कलेक्टर हरिस एस, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी और निर्वाचन दायित्व से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

**मताधिकार करने की दिलाई गई शपथ**

कमिश्नर ने उपस्थित युवाओं तथा गणमान्य नागरिकों को देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने सहित स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलाई । वहीं नए वोटर्स को एपिक कार्ड (मतदाता परिचय पत्र) प्रदान किया गया। लोकसभा निवार्चन कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों तथा उल्लेखनीय दायित्व निर्वहन करने वाले बीएलओ को प्रोत्साहित करने लिए सम्मान निधि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।





**विभिन्न स्पर्धा के विजेता प्रतिभागी सम्मानित**

स्वीप कार्यक्रम के तहत नारा लेखन, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर मैकिंग, कविता प्रस्तुति के विजेता प्रतिभागी छात्र-छात्राओं और मास्टर ट्रेनर्स को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शासकीय दन्तेश्वरी कन्या महाविद्यालय तथा क्राईस्ट कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सुमधुर देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति के साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए व्होट जैसा कुछ नहीं-व्होट जरूर डालेंगे का संदेश दिया। इन छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत करने सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। आरंभ में अतिथियों को बैज लगाकर स्वागत किया गया।

# बालिका शिक्षा एवं आत्मरक्षा पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- शासकीय दन्तेश्वरी महिला महाविद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर



राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के प्लान ऑफ एक्शन के तहत राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष मनीष कुमार ठाकुर, के निर्देशन पर व्यवहार न्यायाधीश, प्राधिकरण के सचिव कु. अंकिता कश्यप द्वारा शहर के शासकीय दन्तेश्वरी महिला महाविद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव व व्यवहार न्यायाधीश द्वारा महाविद्यालय में उपस्थित छात्राओं को बालिका शिक्षा एवं आत्मरक्षा पर जोर देते हुए, अध्ययन को जीवन का उद्देश्य बनाने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही छात्राओं को सायबर लॉ, बाल श्रम, महिलाओं के कल्याण, सुरक्षार्थ एवं उन्नयन के संबंध में विभिन्न कानूनी एवं शासन की कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए विधिक सेवा योजनाओं एवं शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य, प्राध्यापक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी, पैरालीगल वालिंटियर्स एवं अध्ययनरत छात्राएं शामिल रही।

### गोलबाजार गांधीजी की प्रतिमा के समक्ष ध्वजारोहण आज

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कॉग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण द्वारा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में प्रातः 7:30 बजे गोलबाजार गांधीजी की प्रतिमा के समक्ष ध्वजारोहण किया जाएगा। तत्पश्चात 8:00 बजे राजीव भवन में ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया किया गया है। इस मौके पर पूर्व विधायक, महापौर सहित प्रदेश, जिला, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, सेक्टर प्रभारियों,जोन प्रभारियों, पोलिंग बूथ अध्यक्षों, एलडीएम टीम, सेवादल,युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई सहित अन्य प्रकोष्ठ, विभाग के पदाधिकारी, समन्वय समिति, सोशल मीडिया के प्रशिक्षित सदस्यों, समस्त प्रदेश तथा जिला पदाधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित होकर आवश्यक रूप से अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

# गणतंत्र दिवस भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों का त्योहार : किरण देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने छत्तीसगढ़वासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी है। देव ने कहा कि 26 जनवरी वही खास दिन है, जब भारत का संविधान लागू हुआ था। यह दिन भारत को एक स्वतंत्र, लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित करने का प्रतीक है। गणतंत्र दिवस भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों का त्योहार है, जो हमें याद दिलाता है कि हम सब बराबर हैं और शासन प्रक्रिया के संचालन में हमारी भी भागीदारी है। यह दिन देश की कई जातियों, संस्कृतियों और धर्मों को एकजुट होने का अवसर देता है। गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान के महत्व की याद दिलाता है, जो हमारे अधिकारों और कर्तव्यों को परिभाषित करता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने अपने संदेश में कहा कि हमारे पूर्वजों ने कड़ी मेहनत और पूरी जिम्मेदारी के साथ संविधान के रूप में सभी नागरिकों की गरिमा और स्वतंत्रता सुनिश्चित करते हुए उनके लिए सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय व समता की राह तैयार की है। भारतीय संविधान द्वारा रखी गई मजबूत आधारशिला का ही परिणाम है कि देश ने आजादी के 77 साल और गणतंत्र के 75 साल पूरे कर लिए हैं। नागरिकों के लोकतंत्र में भरोसे और सक्रिय भागीदारी से ही देश-प्रदेश विकास की राह में आगे बढ़ सकता है। सभी एक हों और लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती की दिशा में अपने कदम बढ़ाकर हमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के दिखाए हुए मार्ग पर चलकर प्रदेश को मजबूत बनाने की दिशा में काम करना है। देव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी भारत के संविधान को पवित्र ग्रंथ मानकर उसके सम्मान व गौरव की रक्षा करने के लिए प्रतिक्षण तत्पर और प्रतिबद्ध है।

# करंजी ने किया ट्राफी पर कब्जा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- स्व .डिगेश ठाकुर स्मृति में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता

लोहण्डीगुड़ा विकास खण्ड के कोठियागुड़ा में स्व.डिगेश ठाकुर स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें प्रथम पुरस्कार 40,000 रु, द्वितीय पुरस्कार 20,000 रु और ट्राफी रखी गयी थी। इस टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता में 32 टीम ने भाग लिया और फाइनल मैच डिमरापाल और करंजी के मध्य खेला गया जिसका अंतिम परिणाम प्रथम विजेता करंजी ने जीता और द्वितीय विजेता डिमरापाल रहा। इस आयोजन के मुख्य अतिथि भाजपा लोहण्डीगुड़ा मंडल अध्यक्ष मंगतू कश्यप ने अपने वक्तव्य में कहा स्व.डिगेश ठाकुर एक ग्रामीण क्षेत्र के क्रिकेटर रहें हैं उनके श्रद्धा सुमन करने के उद्देश्य से क्रिकेट का आयोजन तो था ही साथ ही युवाओं को खेल के प्रति रुचि लाना और प्रोत्साहित करना था। खेल समाज का अभिन्न अंग है, खेल से शारीरिक विकास तो है ही साथ ही व्यक्तित्व का विकास भी होता है। खेल में बेहतर प्रदर्शन आपको एक दिन जिले,राज्य,और देश के लिए प्रतिनिधित्व का मौका भी दे सकता है जिस हेतु निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। इस आयोजन में भाजपा मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष सावेंद्र सेठिया, चंद्रभान कश्यप, भरत कश्यप, बलीराम बघेल, धनसिंह ठाकुर, शिवनन्दन पेगड़, लच्छीन पोयामी, भागरती यादव, विक्की ठाकुर, दुष्यंत ठाकुर, मोहन ठाकुर, समलू कश्यप, ललीत सिंह, नरेन्द्र ठाकुर, केशव ठाकुर, भरत यादव सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

# तिरंगा यात्रा बना आकर्षण का केंद्र

**अनेक विद्यालयों के छात्र-छात्राएं अमर तिरंगा यात्रा में हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- पूरे मार्ग पर देशभक्ति गीतों की धुन पर युवा झूमते रहे





अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने भव्य तिरंगा यात्रा निकाली, जिसमें अनेक विद्यालय, महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक ऐतिहासिक अमर तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

अभाविप राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद के सदस्य बस्तर विभाग संयोजक शैलेश ध्रुव ने बताया कि गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। यात्रा की सबसे बड़ी विशेषता 1100 फीट लंबा तिरंगा था। जिसे विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ थामा हुआ था। यात्रा की शुरुआत दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से हुई, जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए संजय मार्केट चौक, चांदनी चौक और एसबीआई,जगन्नाथ मंदिर से होते हुए पुणे दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण तक पहुंची। पूरे मार्ग पर देशभक्ति के गीतों की धुन पर युवा झूमते नजर आए। हजारों की संख्या में उमड़ी भीड़ 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के जयकारों से पूरा वातावरण देशभक्ति से सराबोर कर रही थी। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। अभाविप बस्तर जिला संयोजक गौरव भवानी ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आम नागरिकों में देशप्रेम की भावना को जागृत करना था। यात्रा के मार्ग पर जगह-जगह लोगों ने अपने घरों और दुकानों से झांककर इस भव्य आयोजन का स्वागत किया।

इस दौरान नगर मंत्री अश्विन पिल्ले, वैभव दास, निशांत जोशी, गजेंद्र सोनी, पूनाव राम कुंजाम, करण बघेल, करण शर्मा, वैभव मालवीय, प्रशांत कृष्णा बघेल, दिशा, हीरामणि निखिल, योगेश, बुधनी रघुराज समेत कार्यकर्ताओं के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# कन्या पॉलिटेक्निक में मनाया गया मतदाता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



धरमू महरा शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक में शनिवार को मतदाता दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने एकजुट होकर मतदान के महत्व को समझा और इसे अपनी जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरूआत शपथ ग्रहण से हुई, जिसमें सभी उपस्थितजनों ने मतदान का अधिकार और कर्तव्य निभाने का संकल्प लिया। संस्थान के प्राचार्य एसके त्रिवेदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने सभी छात्राओं से अपील की कि वे अपने वोटर आईडी बनवाएं और आगामी चुनावों में भाग लें। उन्होंने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि हमारे एक-एक वोट से देश और समाज की दिशा तय होती है। यह आयोजन छात्राओं में लोकतांत्रिक जागरूकता बढ़ाने और आगामी चुनावों में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण था।




# सीएमएचओ ने नानगुर व बस्तर ब्लॉक का किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की ली जानकारी



स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक ने गुरूवार को सीएचसी बस्तर में निरीक्षण करने पहुंचे, जहां उन्होंने मासिक बैठक का आयोजन किया, जिसमें मैदानी कर्मचारी और अधिकारी शामिल हुए। बैठक में सीएमएचओ ने अधिकारी, कर्मचारियों से राष्ट्रीय कार्यक्रमों की अब तक की उपलब्धि की जानकारी ली। मार्च माह तक शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। शासन की महिती योजना निश्चय निरामय का अब तक के किए गए कार्य की प्रगति रिपोर्ट देखते हुए जल्द से जल्द पूर्ण लक्ष्य प्राप्त करने हेतु कर्मचारियों को बताया गया। सिकल सेल जांच की एंट्री शत प्रतिशत तथा विटामिन ए की खुराक बच्चे को पिलाई जाने में लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि प्राप्त करने हेतु बताया गया। सीएचसी के निरीक्षण में ओपीडी, इंडोर वार्ड, ड्रेसिंग रूम का निरीक्षण कर भर्ती मरीजों का कुशल क्षेत्र पूछते हुए उन्हें दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।

इस अवसर पर डॉ. नारायण नाथ प्रभारी बीएमओ, डॉ. दिवांशु तिवारी, डॉ. रविता, अनीता कश्यप, सावित्री नाग, उमाशंकर पांडे, आरएमए रमेश चंद्र जोशी के साथ सीएचसी के ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर राजेंद्र बघेल ने जानकारी दी। इसके बाद सीएमएचओ ने नानगुर ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर धनपूंजी का निरीक्षण किया। इस आयुष्मान आरोग्य मंदिर का एनक्यूवास किया जाना है, जिसकी तैयारी पदस्थ कर्मचारियों द्वारा की जा रही थी। उपलब्ध कर्मचारियों में सेक्टर के सुपरवाइजर रामनारायण सेठिया, सोनिया यादव, पार्वती नाग, रिया विश्वकर्मा, सुप्रिया मांझी, शकुंतला पोयम, तुलाराम सेठिया उपस्थित रहे। इसके अलावा सीएमएचओ ने पीएचसी आसना पहुंचकर निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्रभारी धर्मेंद्र देवांगन, डॉ. दीप्ति खूंटे, रेणुका भारती, निशा बघेल, थालेश्वरी और सरिता मालवीय शामिल रही।





हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 26 जनवरी 2025

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]













संकलनकर्ता- जयदीप सिंह भदौरिया, हरिभूमि, ब्यूरो प्रमुख, जिला- सुकमा मो. 9149027841

# हमारा प्रयास... बेहतर कल की शुरुआत

## दिग्भ्रमति लोगों से अपील

**क्रांति के नाम पर भ्रांति फैलाने वाले संविधान विरोधी नक्सलियों से सावधान**

छत्तीसगढ़ शासन की नक्सलियों हेतु आत्म समर्पण एवं पुनर्वास नीति

| | |
|---|---|
| एल.एम.जी. रायफल के साथ आत्मसमर्पण पर | 4,50,000/- रूपए प्रोत्साहन राशि |
| ए.के. 47 रायफल के साथ आत्मसमर्पण पर | 3,00,000/- रूपए प्रोत्साहन राशि |
| एसएलआर रायफल के साथ आत्मसमर्पण पर | 1,50,000/- रूपए प्रोत्साहन राशि |
| इंसास रायफल के साथ आत्मसमर्पण पर | 1,50,000/- रूपए प्रोत्साहन राशि |
| 303 रायफल के साथ आत्मसमर्पण पर | 75,000/- रूपए प्रोत्साहन राशि |
| 12 बोर बन्दूक सहित आत्मसमर्पण पर | 30,000/- रूपए प्रोत्साहन राशि |

**इसके अतिरिक्त अन्य सुविधायें:-**

- आत्मसमर्पण पर प्रोत्साहन राशि
- नक्सली कैंडर के अनुसार घोषित ईनामी राशि
- मकान निर्माण हेतु जमीन व राशि
- स्वरोजगार हेतु जमीन व राशि
- बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा
- शासकीय नौकरी का अवसर
- व्यवसाय हेतु लोन
- कृषि कार्य हेतु जमीन
- बस यात्रा में 50 प्रतिशत की छूट

**संपर्क करें**

1. पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज - 09479194000
2. पुलिस अधीक्षक सुकमा -09479190085
3. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स-09479194301
4. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुकमा- 09479191301
5. पु.अनु.अधिकारी दोरनापाल -09479194305
6. पु.अनु. अधिकारी सुकमा- 09479194399
7. थाना जगरगुंडा- 09479191568
8. थाना दोरनापाल-09479194327
9. थाना चिंतागुफा - 09479190438
10. थाना चिंतलनार-09479190433
11. पुलिस कंट्रोल रूम सुकमा-09479191300
07864284204

क्या विकास विरोधी नक्सली आपके शुभचिंतक...? गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुरक्षा बलों के सहयोग से जिले में सड़क निर्माण



सुरक्षा बलों के सहयोग से जिले में अंदरूनी क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था



पुलिस द्वारा अंदरूनी क्षेत्रों के बच्चों का खेल प्रतियोगिता



नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत आत्मसमर्पण



# फैसला आपका

जिला पुलिस सुकमा द्वारा जनहित में जारी...

हमारा प्रयास... बेहतर कल की शुरुआत

छत्तीसगढ़ पुलिस आपके साथ...

**विनीत- जिला पुलिस, सुकमा**





सौजन्य
**मुख्य कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, सुकमा**

संकलनकर्ता- जयदीप सिंह भदौरिया, हरिभूमि, ब्यूरो प्रमुख, जिला- सुकमा मो. 9149027841

# हमारा प्रयास... बेहतर कल की शुरुआत

## दिग्भ्रमति लोगों से अपील

### क्रांति के नाम पर भ्रांति फैलाने वाले संविधान विरोधी नक्सलियों से सावधान

छत्तीसगढ़ शासन की नक्सलियों हेतु आत्म समर्पण एवं पुनर्वास नीति

| | |
|---|---|
| एल.एम.जी. रायफल के साथ आत्मसमर्पण पर | 4,50,000/- रूपए प्रोत्साहन राशि |
| ए.के. 47 रायफल के साथ आत्मसमर्पण पर | 3,00,000/- रूपए प्रोत्साहन राशि |
| एसएलआर रायफल के साथ आत्मसमर्पण पर | 1,50,000/- रूपए प्रोत्साहन राशि |
| इंसास रायफल के साथ आत्मसमर्पण पर | 1,50,000/- रूपए प्रोत्साहन राशि |
| 303 रायफल के साथ आत्मसमर्पण पर | 75,000/- रूपए प्रोत्साहन राशि |
| 12 बोर बन्दूक सहित आत्मसमर्पण पर | 30,000/- रूपए प्रोत्साहन राशि |

**इसके अतिरिक्त अन्य सुविधायें:-**

- आत्मसमर्पण पर प्रोत्साहन राशि
- नक्सली कैंडर के अनुसार घोषित ईनामी राशि
- मकान निर्माण हेतु जमीन व राशि
- स्वरोजगार हेतु जमीन व राशि
- बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा
- शासकीय नौकरी का अवसर
- व्यवसाय हेतु लोन
- कृषि कार्य हेतु जमीन
- बस यात्रा में 50 प्रतिशत की छूट

**संपर्क करें**

1. पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज - 09479194000
2. पुलिस अधीक्षक सुकमा -09479190085
3. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स-09479194301
4. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुकमा- 09479191301
5. पु.अनु.अधिकारी दोरनापाल -09479194305
6. पु.अनु. अधिकारी सुकमा- 09479194399
7. थाना जगरगुंडा- 09479191568
8. थाना दोरनापाल-09479194327
9. थाना चिंतागुफा - 09479190438
10. थाना चिंतलनार-09479190433
11. पुलिस कंट्रोल रूम सुकमा-09479191300
07864284204

क्या विकास विरोधी नक्सली आपके शुभचिंतक...?

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुरक्षा बलों के सहयोग से जिले में सड़क निर्माण



सुरक्षा बलों के सहयोग से जिले में अंदरूनी क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था



पुलिस द्वारा अंदरूनी क्षेत्रों के बच्चों का खेल प्रतियोगिता



नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत आत्मसमर्पण



## फैसला आपका

जिला पुलिस सुकमा द्वारा जनहित में जारी...

हमारा प्रयास... बेहतर कल की शुरुआत

छत्तीसगढ़ पुलिस आपके साथ...

**विनीत : थाना प्रभारी, थाना - तोंगपाल जिला - सुकमा (छ.ग.)**





संकलनकर्ता- जयदीप सिंह भदौरिया, हरिभूमि, ब्यूरो प्रमुख, जिला- सुकमा मो. 9149027841



सीने में जुनून और आंखों में देशभक्ति की चमक रखता हूं।
दुश्मन की सांसे थम जाए आवाज में इतनी धमक रखता हूं।।

समस्त क्षेत्रवासियों को

26 JANUARY

गणतंत्र दिवस

की हार्दिक शुभकामनाये

-:: सौजन्य ::-

**जनपद पंचायत परिवार - विश्रामपुरी**
**जिला - कोण्डागांव (छ.ग.)**



26 JANUARY
HAPPY REPUBLIC DAY

गणतंत्र दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

तिरंगा देश की शान है, हर भारतीय का स्वाभिमान है।
यही है गंगा, यही है हिमालय, यही हिन्द का ज्ञान है।
तीन रंगों में रंगा हुआ ये अपना हिंदुस्तान है।

-:: सौजन्य ::-

**RES ग्रामीण यांत्रिकी विभाग - केशकाल**
**जिला -कोण्डागांव (छ.ग.)**



हमारी ओर से आप सभी को

26 JANUARY REPUBLIC DAY Celebration

गणतंत्र दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सड़क सुरक्षा की सुरक्षा करें, सड़क को तोड़-फोड़ न करें।
सड़क सुरक्षा नियम को अपनाएं, आपने साथ सभी का जीवन बचाएं।।

-:: सौजन्य ::-

**RES ग्रामीण यांत्रिकी विभाग - विश्रामपुरी**
**जिला -कोण्डागांव (छ.ग.)**



कुछ तो खास है इस मिट्टी में, एक अलग ही एहसास है इस मिट्टी में।
यूं ही हंसते हुए मौत के मुंह में नहीं जाते, देशभक्ति की प्यास है इस मिट्टी में।।

समस्त क्षेत्रवासियों को

26 JANUARY REPUBLIC DAY Celebration

गणतंत्र दिवस


की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

-:: सौजन्य ::-

**एकीकृत महिला बाल विकास परियोजना - केशकाल**
**जिला -कोण्डागांव (छ.ग.)**

संकलनकर्ता- मोहम्मद अशफाक मेमन, हरिभूमि संवाददाता केशकाल, मो.- 9993236667, Email ID- ashfak6667@gmail.com














संकलनकर्ता - शेख महमुद्दीन, हरिभूमि ब्यूरो चीफ नारायणपुर, मो. 94063-18457



सारे जहाँ से अच्छा, हिन्दोस्ताँ हमारा।
हम बुलबुलें हैं इसकी, यह गुलिस्ताँ हमारा।।

26 JANUARY REPUBLIC DAY Celebration

# गणतंत्र दिवस

की आप सभी देशवासियों
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



## केदार कश्यप

वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, सहकारिता
कौशल विकास, संसदीय कार्य, विभाग मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

समस्त क्षेत्रवासियों को

26 JANUARY REPUBLIC DAY

# गणतंत्र दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**ग्राम पंचायत कौरगांव**
सचिव
श्री लेखनाथ ठाकुर

**ग्राम पंचायत गुमड़ा**
सचिव
श्री जगमोहन सोनी

**ग्राम पंचायत पाहुरनार**
सचिव
श्री नरसिंह नाग

**ग्राम पंचायत बोदली**
सचिव
कु. सलमा बेगम

**ग्राम पंचायत फुण्डरी**
सचिव
कु. सलमा बेगम

**ग्राम पंचायत मुस्तलनार**
सचिव
श्री गोदरू राम ईस्ताम

January 26th

समस्त क्षेत्रवासियों को

# गणतंत्र दिवस

की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं

| सरपंच/सचिव | सरपंच/सचिव | सरपंच/सचिव |
|---|---|---|
| ग्राम पंचायत | ग्राम पंचायत | ग्राम पंचायत |
| केशापुर | भोगाम | कवलनार |

विनीत : समस्त जनपद सदस्य जनपद पंचायत दन्तेवाड़ा, जिला - दन्तेवाड़ा

प्रस्तुति एवं संकलनकर्ता - अविनाश गोस्वामी हरिभूमि ब्यूरो चीफ, जिला दंतेवाड़ा मो.: 9425586039

AM/NS INDIA
ArcelorMittal Nippon Steel India

RE/MAGINEERING
सशक्त भारत का उज्जवल भविष्य,
स्मार्टर स्टील्स के साथ।

आज हम भारत के संप्रभुता का जश्न मनाते है जिसे स्थापित करने में कई दूरदर्शी लोगों का योगदान रहा है। एक ऐसा देश जो आदर्शों, दूरदर्शिता, कल्पना और स्टील समान आतंरिक शक्ति से बना है। सबके उज्जवल भविष्य के लिए, AM/NS India अपने स्मार्टर स्टील्स से इस मजबूत नींव को और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

76वें गणतंत्र दिवस की आपको ढेर सारी शुभकामनाएँ!



SMARTER STEELS
BRIGHTER FUTURES
#CelebratingTheSteelWithin

एनएमडीसी
NMDC

भारत के गणतांत्रिक मूल्यों को सलाम



एनएमडीसी की ओर से समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

भारत सरकार की नवरत्न कंपनी, 67 वर्ष पुरानी खनन महाशक्ति, देश में लौह अयस्क की सबसे बडी उत्पादक कंपनी–एनएमडीसी देश की औद्योगिक प्रगति की प्राणशक्ति है, जो भारत की विरासत की अटूट क्षमता को समाहित किये हुए है।

'स्वर्णिम भारत–विरासत और विकास' के स्वप्न को साकार करने के लिए हम 100 मिलियन टन उत्पादन का लक्ष्य लेकर मजबूत भविष्य के निर्माण हेतु कटिबद्ध हैं साथ ही, मातृभूमि की प्रगति–समृद्धि एवं संरक्षण में अपनी भूमिका निभाने के लिए तत्पर हैं।

जिम्मेवार खनन
वैज्ञानिक। सुस्थिर। खुशियां बिखेरते हुए

एनएमडीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
"खनिज भवन", 10-3-311/ए, कैसल हिल्स
मासाब टैंक, हैदराबाद - 500 028
सीआईएन: L13100TG1958GOI001674

www.nmdc.co.in /nmdclimited

एनएमडीसी
NMDC

भारत के गणतांत्रिक मूल्यों को सलाम



एनएमडीसी की ओर से समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

भारत सरकार की नवरत्न कंपनी, 67 वर्ष पुरानी खनन महाशक्ति, देश में लौह अयस्क की सबसे बडी उत्पादक कंपनी–एनएमडीसी देश की औद्योगिक प्रगति की प्राणशक्ति है, जो भारत की विरासत की अटूट क्षमता को समाहित किये हुए है।

'स्वर्णिम भारत–विरासत और विकास' के स्वप्न को साकार करने के लिए हम 100 मिलियन टन उत्पादन का लक्ष्य लेकर मजबूत भविष्य के निर्माण हेतु कटिबद्ध हैं साथ ही, मातृभूमि की प्रगति–समृद्धि एवं संरक्षण में अपनी भूमिका निभाने के लिए तत्पर हैं।

जिम्मेवार खनन
वैज्ञानिक। सुस्थिर। खुशियां बिखेरते हुए

एनएमडीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
"खनिज भवन", 10-3-311/ए, कैसल हिल्स
मासाब टैंक, हैदराबाद - 500 028
सीआईएन: L13100TG1958GOI001674

www.nmdc.co.in /nmdclimited



26TH JANUARY
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...

कुछ गर्व तिरंगे की आन का है,
कुछ गर्व मातृभूमि की शान का है,
हम लहराएंगे हर जगह यह तिरंगा
गर्व ये हिंदुस्तान की शान का है।

जय हिन्द

सौजन्य
पुलिस विभाग बीजापुर







# गणतंत्र दिवस
## की 75वीं वर्षगांठ
### पर समस्त देशवासियों को असंख्य बधाई एवं शुभकामनाएं...

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>हीरापुर | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>लिंगागिरी | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>पुसगुडी | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>मुरकीनार | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>तिम्मापुर | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>लंकापल्ली |
| सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>पामेड़ | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>धरमारम | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>पुसबाका | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>चिंताकोंटा | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>आवापल्ली | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>तर्रेम |
| सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>कोंडापल्ली | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>संकनपल्ली | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>मारूडबाका | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>तोयनार | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>गंगालूर | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>संतोषपुर |
| सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>डोडीतुमनार | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>चेरपाल | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>नैमेड़ | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>ईटपाल | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>मूसालूर | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>मिडते |
| सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>रेड्डी | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>बेदरे | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>गुडसाकल | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>करकेली | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>फरसेगढ़ | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>कुटरू |
| सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>गुदमा | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>मंगापेटा | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>गद्दामल्ली | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>केतुलनार | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>मंगनार | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>केशकुतुल |
| सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>सोमनपल्ली | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>सागमेट्टा | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>मिरतुर | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>अम्बेली | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>तालनार | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>उसकापट्टनम |
| सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>माटवाडा | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>कोंमपल्ली | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>डारापाल | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>पिनकोंडा | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>दरभा | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>जैवारम |
| सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>नेलसनार | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>पातरपारा | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>टिंडोडी | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>पैंकरम | सरपंच / सचिव<br>ग्राम पंचायत<br>फूलगट्टा | |

विनीत - समस्त पंच एवं ग्रामवासी - जनपद पंचायत उसूर,बीजापुर,भैरमगढ जिला बीजापुर